Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24
website- www.dvpnews.in
रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 235 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शनिवार 08 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिसने आत्मा को जान लिया, उसने लोक को पहचान लिया।
One who knows soul, he recognized the folks.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज



## सूर्यकांत राठौर रायपुर नगर निगम के नए सभापति होंगे

**भाजपा पार्षद दल की बैठक में नाम हुआ तय**

**रायपुर ( विसं )।** रायपुर नगर निगम के नए सभापति के रूप में भाजपा के सीनियर पार्षद सूर्यकांत राठौर का नाम तय कर लिया गया है. एकात्म परिसर में हुई भाजपा पार्षद दल की बैठक में राठौर को सर्वसम्मति से सभापति पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया गया. इसके बाद सभी भाजपा पार्षद नगर निगम मुख्यालय के लिए रवाना हो गए, जहां सभापति चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी.

वहीं अपील समिति चार सदस्यों के लिए नामांकन दाखिल किया गया, जिसमें विनय निर्मलकर, राजेश गुप्ता, महेन्द्र औसर और स्वप्निल मिश्रा अपील समिति के लिए निर्वाचित हो गए हैं.

रायपुर नगर निगम में इस बार भाजपा का पूर्ण बहुमत है. भाजपा के 60, कांग्रेस के 7 और 3 निर्दलीय पार्षद जीते हैं, लेकिन 1 निर्दलीय पार्षद ने भाजपा ज्वाइन कर लिया है. ऐसे में अब भाजपा के 61 पार्षद निगम में है. ऐसे में अन्य निर्दलीय पार्षदों का झुकाव भी भाजपा की ओर बताया जा रहा है, जिससे सभापति के निर्विरोध चुने जाने की प्रबल संभावना है.

## गणिनी आर्यिका गुरुमति एवं दृढमती माताजी के विशाल संघ का रायपुर में भव्य मंगल प्रवेश





**रायपुर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रथम प्रभावक शिष्या 105 आर्यिका श्री गुरुमति माताजी एवं पूज्य 105 आर्यिका दृढ मति माताजी का 46 माता जी के साथ भव्य नगर प्रवेश संपन्न हुआ।

आमापारा स्थित घासीदास भवन के पास रायपुर के जैन समाज की महिलाओं व पुरुषों ने सैकड़ो की संख्या में उपस्थित होकर पूज्य माताजी के संघ की अगवानी की माता जी के पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई। जगह-जगह रंगोली सजाकर माताजी जुलूस के साथ ससंघ मालवीय रोड स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। जहां माताजी का पाद प्रक्षालन एवं आरती की गई। माता जी ने भगवान के दर्शन कर उपस्थित महानुभावों को अपना मंगल आशीष प्रदान किया।

संघ की अगवानी में मालवीय रोड मंदिर पंचायत समिति के अध्यक्ष श्री यशवंत जैन सहित विभिन्न मंदिर के पदाधिकारियों एवं समाजसेवीजनों तथा माता बहनों ने उत्साह से भाग लिया।

उल्लेखनीय है कि माता जी का यह विशाल संघ आचार्य श्री के डोंगरगढ़ छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रथम समाधि महोत्सव में सम्मिलित होने के पश्चात सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखरजी के पद बिहार पर निकला हुआ है।

मालवीय रोड दिगंबर जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष यशवंत जैन, सचिव सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष लोकेश जैन, विजय, महावीर, सुनील, गुलशन जैन द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि कल सुबह मंदिर की में पूजन शांति धारा उपरांत माताजी का मंगल प्रवचन आहारचार्य संपन्न होगी।













दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शनिवार 08 मार्च 2025
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम में महिला अधिकारियों व कर्मचारियों का महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं निगम आयुक्त विश्वदीप ने किया सम्मान

## अधिकारियों, कर्मचारियों की समस्याओं का नगर निगम स्तर पर अथवा शासन स्तर पर यथा संभव समाधान करने का कार्य करेंगे : आयुक्त विश्वदीप

### महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता के कार्यो पर वीडियो प्रस्तुति दी गई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** शुक्रवार को नगर पालिक निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के तत्वावधान में नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल पर निगम सामान्य सभा सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम रायपुर की महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महापौर श्रीमती मीनल चौबे और नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप ने मंच पर श्रेष्ठ कार्यो हेतु नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रमोद जाघव सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्मानित किया। महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने मंच पर प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, डॉ. दिव्या चंद्रवंशी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही, जोन 5 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेष्वरी पटेल को महिला दिवस पर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ की ओर से मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

इसी प्रकार महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं आयुक्त श्री विश्वदीप ने नगर निगम की महिला कर्मचारी सर्वश्रीमती वंदना जाघव, राजश्री श्रीवास, रोमा तिवारी, रूही आफरीन, स्वाती साहू, शीला शर्मा, रीना पाटले, जयंती दुर्गा, उषा बघेल, मनीषा मेहरकुरे, पुनम भुटानी, मोनिका यादव, माधुरी खलको, नीलम सहारे, श्वेता शिन्दे, माया वर्मा, रूचिका मिश्रा, निवृत्ति गौतम, प्रियंका शर्मा, अंजली बारले, प्रमिला भारती, सिम्मी भारती, सरस्वती यादव, रचना मोहंती, विनिता जायसवाल, अंजली मालवीय, गायत्री देवांगन, उषा सिंदूर, सुश्री संजना हलदार, प्रिया बसंती तिवारी को स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर महिला दिवस पर सम्मानित करते हुए हार्दिक बधाईयां दी। महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं आयुक्त श्री विश्वदीप को अधिकारियों कर्मचारियों की ओर से अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रमोद जाघव ने श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह प्रदत्त कर सम्मानित किया।

आयुक्त श्री विश्वदीप ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिला अधिकारियों, कर्मचारियों को हार्दिक बधाईयां दी। आयुक्त ने कहा कि निर्वाचन संबंधी कार्यो को रायपुर जिले में महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान केन्द्रों में जिस तत्परता से किया वह वास्तव में बहुत सराहनीय रहा। यहां महिलाओं ने मतदान केन्द्रों का दायित्व संभाला उन केन्द्रों से जिला निर्वाचन कार्यालय को कोई भी षिकायत किसी भी प्रकार से प्राप्त नहीं हुई। व्यवस्था अच्छी रही जिसके लिये निर्वाचन ड्यूटी कर रही महिलाएं वाकई बधाई की पात्र है। आयुक्त ने कहा कि जिस भी किसी कर्मचारी अधिकारी को कोई भी समस्या हो वे नगर निगम में सीधे उनसे संपर्क कर बतला सकते है अगर वे कार्यालय में उपलब्ध नहीं है तो वे नगर निगम के अपर आयुक्तों को अपनी समस्याओं से अवगत करा सकते है। वे अधिकारियों कर्मचारियों की समस्याओं का नगर निगम स्तर पर यथा संभव निदान करेंगे। यदि शासन स्तर की समस्या आयी तो वे शासन स्तर पर समस्या को अवगत कराकर कार्य करेंगे। नगर निगम रायपुर के अधिकारियों और कर्मचारियों का कार्य काफी अच्छा रहा है। अब रायपुर को स्वच्छ सुन्दर सुव्यवस्थित राजधानी शहर का स्वरूप देने हम सभी को मिलकर संकल्प लेकर कार्य करना है।

नगर निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रमोद जाघव ने कार्यक्रम में महापौर एवं आयुक्त सहित महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होने कहा कि नगर निगम रायपुर के सभी अधिकारी व कर्मचारी लगातार 24 गुना 7 कार्य करते है। किंतु जो सुविधाएं अपेक्षित है वे अभी भी उनसे दूर है। उन्होने महापौर एवं आयुक्त से इस संदर्भ में निगम अधिकारियो कर्मचारियों की समस्याएं सुनकर उन्हें दूर करने का विनम्र अनुरोध किया। इस अवसर पर नगर निगम रायपुर द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता हेतु किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डालती वीडियो का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं अंत में आभार प्रदर्शन रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के पूर्व महाप्रबंधक पीआर श्री आशीष मिश्रा ने किया।

### महापौर मीनल चौबे ने कहा- महिलाएं रायपुर शहर को विकसित बनाने

महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। महापौर ने कहा कि जनता ने उन्हें महापौर निर्वाचित किया है और वे नगर निगम में महापौर के रूप में जनता के लिये कार्य करने कृत संकल्पित है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की सभी महिला अधिकारी एवं कर्मचारी रायपुर को सुन्दर, सुव्यवस्थित, विकसित राजधानी बनाने मजबूती के साथ संकल्प लेकर कार्य करें। किसी भी महिला अधिकारी कर्मचारी को किसी भी प्रकार का भय नहीं होना चाहिए। वे स्वयं महापौर के रूप में नगर निगम के प्रत्येक महिला अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ मिलकर कार्य करने संकल्पित है।

# एनआईटी रायपुर के एप्लाइड जियोलॉजी विभाग ने जियोलेगेसी का आयोजन किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर के एप्लाइड जियोलॉजी एसोसिएशन, एप्लाइड जियोलॉजी विभाग ने हाल ही में 1 मार्च 2025 को एनआईटी रायपुर के सीएसई विभाग के एफ-42 हॉल में जियोलेगेसी-ए बेडरॉक ऑफ मेमोरीज नाम से अपना पूर्व छात्र मिलन समारोह 2025 आयोजित किया। इस मीट में 1982 से 2024 बैच के लगभग 80 पूर्व छात्र शामिल हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. घनाराम साहू को आमंत्रित किया गया था। प्रो. साहू 2009 तक एनआईटी रायपुर से जुड़े रहे। वर्तमान में वे रायपुर के शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। साथ ही, इस कार्यक्रम में अनुप्रयुक्त भूविज्ञान विभाग के फैकल्टी मेम्बर्स- विभागाध्यक्ष डॉ. दालचंद झारिया, डॉ. नीरज विश्वकर्मा, डॉ. हिमांशु गोविल की भी उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में छात्रों के आगामी बैच को लाभान्वित करने के लिए पुनर्मिलन, सांस्कृतिक प्रदर्शन और समूह चर्चा का आयोजन किया गया।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION) Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537
No. 02-17/Pur/T-475/2537/2629 Bilaspur, Date: 25.02.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/Pur/ TR-475/2537 Dtd.25/02/25 (RFx No. 8100041804) | Job work for Providing and installation of 400 A, 3Phase AC Distribution panel with stand suitable for 200 KVA, 33/0.4 KV Station X-mer at various EHV S/s under EE (S/s) Dn., CSPTCL, Bilaspur, Bishrampur & EE (MRT-cum:S/s) Dn., CSPTCL, Korba. | 38,300.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 5,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 20/03/2025 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 21/03/2025 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 21/03/2025 | 15:30 Hrs |

NOTE:- (I) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM.

**Chief Engineer (Sub-Station)**
**CSPTCL Bilaspur**

SAVE ELECTRICITY

SAMVAD- 43150/ 3

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विवेकानंद सभागार में होगा कार्यक्रम, तैयारियों लेकर दिए निर्देश



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आठ मार्च को विवेकानंद सभागार में 12.00 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती रजनी विजय बघेल,विशेष अतिथि मिनाक्षी ललित चन्द्राकर,श्रीमती गौरी सुरेन्द्र कौशिक, श्रीमती रेणुका गजेंद्र यादव उपस्थिति में किया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर महापौर श्रीमती अलका बाघमार के मंशानुरूप अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम आयोजन जा रहा है।कार्यक्रम को लेकर आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा विभागीय अधिकारी के साथ आठ मार्च को होने वाले महिला दिवस कार्यक्रम को लेकर बैठक आहुति किया गया। बैठक में उपायुक्त मोहेंद्र साहू,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन,सहायक अभियंता गिरीश दीवान,स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, आरके बोरकर, शुभम गोइर, अभ्युदय मिश्रा,पंकज चंद्रवंशी सहित अन्य उपस्थित रहे। महापौर श्रीमती अलका बाघमार ने अधिकारियों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की तैयारियों के निर्देश दिए।

कार्यक्रम आठ मार्च को जेल तिराहा के सामने विवेकानंद सभागार में आयोजित किया जाएगा। बैठक में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

# निगम के फिल्टर प्लांट के वेस्ट वाटर से तालाबों को भरा जाएगा



**भिलाईनगर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम भिलाई में 77 एवं 66 एम.एल.डी. फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई पुरे नगर निगम क्षेत्र में की जाती है। पानी के शुद्धिकरण के दौरान 4 द्व्यस्त्र वेस्ट रॉ वाटर भी निकलता है। उसके शुद्धिकरण के लिए भी प्लांट लगाये गये है, उसके बाद भी 1द्व्यस्त्र पानी बच जाता है। जिसका उपयोग तालाबों को भरने के लिए किया जाएगा। अभी वर्तमान में वहां से निकलने वाले वेस्ट वाटर नेहरू नगर भेलवा तालाब में डाला जाता है। वहां से ओवर फ्लो होने के बाद नालियों में प्रवाहित हो जाता है, यह प्रक्रिया प्रतिदिन चलती जाती है। इस प्रकार से उस पानी का दुरूपयोग हो जाता है।

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, अभियंतागणों को लेकर किस प्रकार से पानी का दुरूपयोग कैसे रोका जाये उसका सदुपयोग होने लगे। उसके लिए निरीक्षण करने गये। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पानी तो बराबर निकल रहा है। गर्मी के दिनो में तालाब सूख जाते है, नेहरू नगर के भेलवा तालाब में हमेशा पानी भरा रहता है। क्योकि उसमे पानी प्रतिदिन भरते रहता है। उसका अतिरिक्त पानी नाली में प्रवाहित होकर बर्बाद हो जाता है। इसका निदान हेतु आर.सी.सी. पाईप के माध्यम से कातुलबोड़ बोगदा पुलिया नहर में प्रवाहित करने का योजना चल रही है। जिसके माध्यम से स्मृति नगर, जुनवानी, खम्हरिया के तालाबों को भरा जावेगा। इसके लिए प्रपोजल बनाया गया है, इसमें लगभग 1.5 से 2.0 करोड़ रूपये की व्यय होने की संभावना है। यह पानी कई दिनो से बह रहा था, इसका संज्ञान आयुक्त पाण्डेय ने लिया।

अक्सर देखने में आता कि गर्मी के दिनों में तालाबो को भरने के लिए डेम से पानी छोड़ा जाता है। नहरो के माध्यम से तालाबो को भरा जाता है। फिर भी कुछ तालाब छूट जाते है, जहां तक पानी नहीं पहुचं पाता। यह पानी बोगदा पुलिया के नहर के माध्यम से तालाबो तक जायेगा, इससे पानी का शुद्धिकरण भी हो जायेगा। तालाबो के साथ-साथ आस-पास का भूमि के अंदर का जल स्तर भी बढ़ जायेगा। गर्मी के दिनों में हैण्ड पम्प में पानी आने लगेगा। निरीक्षण के दौरान उपअभियंता बसंत साहू, चंदन निर्मलकर, पुरूषोत्तम सिन्हा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# नगर निगम दुर्ग के नए सभापति निर्वाचित हुए श्याम शर्मा



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** नगर पालिक निगम में सभापति पद के लिए शुक्रवार को चुनाव हुआ।नगर निगम में भाजपा के 40, कांग्रेस के 12 और निर्दलीय 8 पार्षदो है। नगर निगम सभापति का चुनाव निगम परिसर में 12 बजे से शुरू हुआ।जिसमे सभापति पद के लिए भाजपा से वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद श्याम शर्मा एवं वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद भास्कर कुंडले ने कांग्रेस से अपना दोपहर 12 से 12.30 बजे तक नामांकन फार्म जारी और जमा किए किये। बता दे कि 1 से 1.30 बजे तक नामांकन फार्म की जांच, सभी पार्षदो ने बारी बारी 2 से 2.30 बजे तक मतदान किया।उसके बाद नतीजे की घोषणा की गई।वहीं निर्विरोध की स्थिति में नाम वापसी के तत्काल बाद नतीजे घोषित किए किया।बीजेपी ने श्याम शर्मा को बनाया था जिनको 49 मत मिले वही कांग्रेस सभापति पद के प्रत्याशी भास्कर कुंडले को 12 मत मिले, कूल मतदान 61 पड़े।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाऐं
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
www.onlytds.com
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18888/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 07-05-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18888
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F00842** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SMT. ANNPURNA SONKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHANNU RAM SONKAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **LAXMI YADAV** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O VINOD KUMAR YADAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)/ सक्षम प्राधीकारी पत्थलगांव, जिला-जशपुर(छ.ग.)**

**//उदघोषणा//**

क्रमांक/ /वाचक-1/व्यपवर्तन/2024
पत्थलगांव, दिनांक 06/03/2025

एतद् द्वारा समस्त आम जनता ग्राम पत्थलगांव प.ह.नं. 06, तहसील पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीप अग्रवाल आ. स्व. मनोज अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम जशपुर रोड़ पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला-जशपुर (छ.ग.) के द्वारा सारिणी में उल्लेखित ग्राम पत्थलगांव प.ह.नं. 06 स्थित आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण) के लिये व्यपवर्तन कराये जाने हेतु, मय आवेदित भूमि के नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री की छायाप्रति सहित छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

आवेदित भूमि का सारिणीः- ग्राम पत्थलगांव, प.ह.नं. 06, ख.नं. 699/1/ख/7, रकबा 0.019हे., आवासीय प्रयोजनार्थ (मकान निर्माण)।

उक्त मामले की सुनवाई दिनांक 26.03.2025 को स्थान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पत्थलगांव के न्यायालय में न्यायालयीन समय प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक होना नियत किया गया है, अतः इसमें जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत दिनांक/समय/स्थान को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त किसी भी दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सक्षम प्राधिकारी
पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./17445/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2025
रायपुर, दिनांक 07-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 17445
वार्ड का नाम-64-विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656B00178** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BRIJNANDAN DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. MEHATTAR DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DOMENDRA KUMAR DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE BRIJNANDAN DEWANGAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **नजूल आबादी** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-4
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18889/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18889
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652F01283** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RAJU KUMAR DHIWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE AMRU RAM DHIWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SARLA JAISWAL** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O JAY PRAKASH JAISWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./18874/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18874
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F01285** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SAROJ DHIWAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR DHIWAR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **APARNA TIWARI** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O ANKUR DWIVEDI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18761/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18761
वार्ड का नाम- 36- हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR737F0623A** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **RANAMAL GEHI HUF ,KARTAR GEHI HUF , JAGDISH GEHI HUF** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O LATE. AMBUMAL GEHI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री दिशांत गेही** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री करतार गेही** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./18732/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 06-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18732
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331H00177** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. POOJA BHATIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE VINOD KUMAR BHATIA** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. **NEELESH SAHU S/O POKHRAJ SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **2. SMT. NIKITA SAHU W/O NEELESH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानन्द दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./18733/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2025
रायपुर, दिनांक 06-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 18733
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR331H0177A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SMT. POOJA BHATIA** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE VINOD KUMAR BHATIA** केनाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. NEELESH SAHU S/O POKHRAJ SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **2. SMT. NIKITA SAHU W/O NEELESH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री विवेकानन्द दुबे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./ 2928/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 2928
वार्ड का नाम- 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651I0812A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIVESH WELL DWARA SUNIL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHYAM LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **तुहिना अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री अखिलेश दत्त अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)**
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./2926/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 07-03-2025

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 2926
वार्ड का नाम- 53 - बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651I00939** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NIVESH WELL DWARA PARTNER SUNIL SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHYAM LAL SAHU** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **तुहिना अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पति - श्री अखिलेश दत्त अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-( 10 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

# कोल इंडिया मुख्यालय कोलकता मे ओ.बी.सी एसोशिएशन की कोल इंडिया स्तरीय बैठक संपन्न

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-कोल इंडिया स्तरीय उक्त बैठक में गौतम बनर्जी महाप्रबंधक (श्रम/शक्ति .औ.सं.)सीआईएल ,फनेन्द कोराडा वरिष्ठ प्रबंधक औ.सं.सीआईएल एंव सभी कम्पनी से आये लाइजन अधिकारी की उपस्थिति मे हुई। बैठक मे सभी कम्पनी के सभी कार्यक्रममेओ.बी.सी.ऐसोसिएशन को शामिल किया जाय। ,कम्पनियों के सभी क्षेत्रों मे नियुक्त लाइजन अधिकारीयों को स्वंत्रत रुप से कार्यालय उपलब्ध कराया जाय ।कम्पनियों के सभी क्षेत्रों मे आवास आबंटन समिति मे ओ.बी.सी.ऐसोसिएशन को प्रतिनिधित्व दिया जाय। वर्क कमेटी के गठन मे हो रही देरी के चलते नाजायज रुप से चल रही सयुक्त सलाहकार समिति, वेलफेयर समिति ,सुरक्षा समिति मे ओ.बी.सी.ऐसोसिएशन का सदस्य शामिल किया जाय । प्रतिवर्ष ऐसोसिएशन का सदस्यता शुल्क कटौती हेतू नया आप्सन फार्म जमा करने की प्रथा को बंद कर जमा आप्सन फार्म से ही



प्रतिवर्ष सदस्यता कटौती की जाय ।कम्पनियों में और कम्पनियों के सभी क्षेत्रो मे ऐसोसिएशन की प्रबंधक से साथ बैठक का कलेंडर जारी किया जाय ।सी.आई.एल.मे हुये टी.टी.टूर्नामेंट का खेल पुरस्कार अबिलम्ब दिया जाय । सीएमपीडीआई मे जूनियर को पदोन्नति देकर सिनियर के साथ भेदभाव किया जा रहा है अबिलम्ब सीनियर की पदोन्नति की जाय ।कम्पनी मे कार्यरत कर्मचारियों के बेटो को चिकित्सा सुविधा की उम्र 30 की जावें। चिकित्सा इलाज के् लिये बाहर जाने पर स्टाफ को और उसके आश्रित को सेमी प्राइवेट रुम दिया जाय ।मेडिकल में रेफर होने पर सहकर्मी को सेम क्लास मे यात्रा करने की अनुमति दी जाय ।अन्य कई मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई बहुत सारे मुद्दों पर प्रबंधक ने सहमति दी ।बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल मे बैठक सपन्न हुई यह जानकार बैकवर्ड क्लास (ओबीसी) कोल एम्पलोइज वेलफेयर एसोसिएशन एस.ई.सी.एल.बिलासपुर जोन के महासचिव मंगला सिंह यादव के ने दी ।बैठक मे ओबीसी एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव जय बहादुर सिंह यादव,प्रभारी एस.ई.सी.एल ताराचन्द यादव ,अनिरुद्ध कुमार चंद्रा अध्यक्ष ओ.बी.सी.ऐसोसिएशन बिलासपुर जोन , और सभी कम्पनियों के अध्यक्ष/ महासचिव उपस्थित थे

# सिटी बस सेवा बंद होने से आम आदमी छात्र-छात्राएं और महिलाएं परेशान

## उपनगरी क्षेत्रों में यातायात की बढ़ी समस्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिले में सिटी बस सेवा के बंद होने से आम आदमी, छात्र-छात्राएं और महिलाएं परेशान हैं। कोरोना काल से सिटी बसें बंद हैं, जिससे उपनगरी क्षेत्रों में यातायात की समस्या बढ़ गई है। कोरबा जिले के उपनगरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सिटी बस सेवा एक महत्वपूर्ण साधन थी। लेकिन अब यह सेवा बंद होने से लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कुछ सिटी बसें कबाड़ के रूप में बस स्टैंड में पड़ी हैं, जबकि कुछ निजी कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को लाने-ले जाने के लिए उपयोग की जा रही हैं। इससे उपनगरी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राएं और महिलाएं प्राइवेट बसों और ऑटो का उपयोग करने को मजबूर हैं, जो मनमाने रेट वसूल रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस समस्या का समाधान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। कोरबा जिले के उपनगरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि सिटी बस सेवा के बंद होने से उनकी दैनिक गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें अपने कामों के लिए अब प्राइवेट बसों और ऑटो का उपयोग करना पड़ रहा है, जो उनके लिए बड़ा बोझ है।इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। सिटी बस सेवा को फिर से शुरू करने और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने की जरूरत है। इससे उपनगरी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी दैनिक गतिविधियों में सुधार होगा।

# रेलवे पटरी किनारे तड़पता मिला लहूलुहान युवक दुर्घटना या हत्या जांच जारी

**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-विश्रामपुर रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूरी पर रेलवे पटरी के किनारे तड़पता हुआ युवक पर रेलवे पुलिस की नजर पड़ी जिसकी सूचना रेलवे पुलिस ने विश्रामपुर पुलिस को दी तड़पता युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर पहुंचाया गया जहां से उसे गंभीर अवस्था में जिला चिकित्सालय सूरजपुर में भेज दिया गया जहां उसकी दर्दनाक मौत हो गई।युवक की मौत आत्महत्या है या हत्या इस बात को लेकर तरह-तरह की चर्चा जोरों पर है।

जानकारी के अनुसार विश्रामपुर रेलवे स्टेशन से अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन रात्रि 11 बजे गुजर रही थी इसी दौरान ट्रेन चालक को रेलवे पटरी के पास एक युवक को तड़पता हुआ देखा और रेलवे पुलिस को सूचना दे ।रेलवे पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर विश्रामपुर



पुलिस को सूचना दी। विश्रामपुर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर पहुंचाया गया। युवक का शिनाख्त संदीप सिंह सनी गुरुद्वारा रोड निवासी के रूप में किया गया बताया जाता है कि संदीप सिंह आ कश्मीर कौर निवासी गुरुद्वारा रोड अपने मां के साथ रहता था। बीती रात वह एस ई सी एल के प्रोजेक्ट ऑफिस के पीछे रेलवे लाइन के पास लहूलुहान अवस्था में अंबिकापुर दुर्ग ट्रेन के चालक की नजर पड़ी, चालक ने रेलवे पुलिस को सूचना दी। रेलवे पुलिस ने विश्रामपुर पुलिस को सूचना दी। युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से गंभीर अवस्था में उसे जिला चिकित्सालय सूरजपुर भेजा गया जहां उसकी मौत हो गई। इस घटना के क्रम में बताया जाता है कि युवक को कुछ युवकों ने मार कर पटरी पर फेंक दिया था इस प्रकार युवक की हत्या कर रेलवे पटरी पर फेंकने की आशंका परिजनों में लगाया है। इस पूरे मामले को संदीप सिंह की हत्या हुई है या उसने आत्महत्या किया है पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है । बहरहाल इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त।

# कोल इंडिया द्वारा मजदूरों को तरह-तरह से किया जा रहा है प्रताड़ित हमें संगठित होकर करना होगा मुकाबला-नाथू लाल पांडे

**गोपाल सिंह विद्रोही**

सूरजपुर ब्यूरो( दैनिक विश्व परिवार)- मजदूरों के साथ तरह-तरह का किया जा रहा है अन्य जिसे एसएमएस नहीं करेगी बर्दाश्त, हमें संगठित हो कर कोल इंडिया प्रबंधन के साथ दो-दो हाथ करना होगा।

उक्त बातें हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडे ने विश्रामपुर के स्नेह मिलन में आयोजित हिंद मजदूर फेडरेशन अपेक्स जे सी सी की बैठक में समस्त क्षेत्र के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहीं। इन्होंने आगे कहा कि मजदूरों के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है मेडिकल अनफिट का कार्य नहीं किया जा रहा है कोयला मंत्री भी इस मामले पर इंकार कर दिया है। अपेक्स में कोल इंडिया के अध्यक्ष भी इनकार कर दिया है। कामगारों के आश्रित पढ़े-लिखे बच्चों जो योग्य है अनावश्यक कार्य लिया जा रहा है इस तरह उनका मानसिक शोषण किया जाए।

लिया जा रहा है इस बैठक में महामंत्री नाथूलाल पढ़ने ने विभिन्न बिंदुओं पर अपनी चिंता जताई जिससे मजदूर परेशान है।

बैठक में एस ई सी एल के विभिन्न क्षेत्रों से आए पदाधिकारी ने अपनी खुलकर बात रखी। सामूहिक रूप से मुख्य बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा करते हुए सुनियोजित तरीके से प्रबंधन से लड़ाई लड़ने की रणनीति बनाई गई।

बैठक में जिन बिंदुओं को पर चर्चा हुई उन मुद्दों में हिंद खदान मजदूर फेडरेशन द्वारा अपेक्स जेसीसी बैठक में जिन श्रमिकों को की सेवाएं बिना सूचना के लंबे समय तक अनुपस्थित रहने के कारण समाप्त कर दी गई है उन्हें पुन: काम करने का अवसर दिया जाए,आश्रित को रोजगार प्रदान करने वाले एनसीडब्ल्यू के प्रावधानों को उसकी वास्तविक भावना उद्देश्य में लागू किया जाए, कर्मचारियों की मेडिकल जांच के लिए साल में दो बार मेडिकल बोर्ड का गठन किया जाए ताकि चिकित्सकीय रूप से आरोग्य कर्मचारियों के आश्रितों को रोजगार दिया जा सके या कर्मचारी को चिकित्सा आधार पर वैकल्पिक नौकरी में लगाया जा सके।



आश्रित को रोजगार देने के लिए आवेदन पत्र में तहसीलदार के हस्ताक्षर की अनिवार्यता समाप्त की जाए। ग्रेच्युटी से संबंधित मांगे 20 लख रुपए की बड़ी हुई ग्रेच्युटी सीमा को 01.01.2017 से प्रभावित किया जाए ना की 29.03.2018 से । केंद्र सरकार के कर्मचारियों की तर्ज पर ग्रेच्युटी सीमा को 25 लख रुपए तक बढ़ाया जाए, केंद्र सरकार के कर्मचारियों का वेतनमान आठवी वेतन आयोग के अनुरूप 01.01.2027 से संशोधित होने जा रहा है जबकि वे वेज बोर्ड की वार्ता 01.07.2026 से शुरू होगी इसलिए 20 लाख की सीमा को 25 लाख तक बढ़ाने हेतु उचित आदेश जारी किए जाएं। नव नियुक्त आश्रितों को भू ङ्कविस्थापितो को उचित योग्यता के अनुसार पदार्थ किया जाए इंजीनियर डिग्री/मेडिकल डिग्री/फाइनल आज सी डब्लू ए पास /सी ए का धारकों को टी डु एण्ड एस ग्रेड बी में नियुक्त किया जाए। इंटर आई सी डब्लू ए इंटर ङ्कसी ए धारकों को टी एंड एस ग्रेड से में नियुक्त किया जाए। इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारा( मीनिंग माइंस सर्वेइंग मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल सिविल ई एंड टी ) एम सी ए , बी सी ए को टी एंड एस ग्रेडडी यह समक्ष लिपिकीय ग्रेड में नियुक्त किया जाए।, इंजीनियरिंग ट्रेड आईटीआई धारकों को टेक्नीशियन ट्रेनिंग के रूप में ग्रेड=द्यद्य या ग्रेड =द्यद्यद्य मैं नियुक्त किया जाए। माइनिंग सरदार ओवरमैन इलेक्ट्रिकल सुपर वाइजरशिप पास सर्वर बॉयलर इंस्पेक्टर सेट पास आश्रितों यह यह भू विस्थापित व्यक्ति अपना रोजगार छोड़ता है तो उसे एक मुफ्त 1 करोड रुपए का मुआवजा दिया जाए। सेल एन यू टी योजना 2020 की समीक्षा की जाए और एन्युटी राशि को एनसीडब्ल्यूए के अनुसार कैटिगरी -द्य के वेतन के बराबर किया जाए। सी आई एल एन यू टी योजना 2020 को कॉल इंडिया की सभी सहायक कंपनियों में समान रूप से लागू किया जाए ।परियोजना प्रभावित व्यक्तियों भू विस्थापितो पी ए पी के लिए कर्मचारियों के समान चिकित्सा योजना शुरू की जाए। सेवा नियुक्ति की आयु 62 वर्ष की जाए सिंगरेनी कोलफील्ड में पहले ही यह 61 वर्ष करी गई है। रोस्टर और विवाहित पुत्री को आश्रित रोजगार के पुराने प्रकरणों को भी आश्रित की नई परिभाषा के अंतर्गत रोजगार के अवसर दिए जाएं। हाई पावर कमेटी तथा सेल उसकी सहायक कंपनियां और सहायक कंपनियों के क्षेत्रीय स्तर पर उसे स्तरीय समितियां की बैठकें नियमित रूप से आयोजित की जाए। 9 अगस्त 1993 के बाद नियुक्त डिप्लोमा इंजीनियरों सिविल मैकेनिकल इलेक्ट्रिकल ए एंड टी को ग्रेट बी ग्रेड बी में और 3 वर्ष के बाद उन्हें नेशनल सीनियरिटी के साथ ग्रेड, ए में पदोन्नति दी जाए। प्रबंधन की अनुमति से निजी तौर पर परीक्षा पास करने वाले डिप्लोमा धारकों को विभागीय परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाए। निम्न श्रेणी से उच्च से श्रेणी में चयनित कर्मचारियों को पदोन्नति लाभ दिया जाए। सी आई एल खेल नीति में संशोधन किया जाए। सेल स्तर पर पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों कर्मचारियों को विशेष वेतन वृद्धि दी जाए। विभागीय खिलाड़ियों की पदोन्नति के लिए वर्तमान में कर्मचारी वर्ग में 15 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है इसे घटकर 5 वर्ष किया जाना चाहिए। खेल संवर्ग के लिए वर्तमान में अधिकतम संख्या 25 है इसे संशोधित करके प्रत्येक सहायक कंपनी के लिए 10 किया जाना चाहिए। सहायक कंपनियों में विशेष कर एनसीएल में भूमि विस्थापितों की भर्ती में हो रही लिंग भेदभाव समाप्त किया जाए। ठेका श्रमिकों को उच्च स्तरीय समिति के वेतनमान के अनुसार वेतन सुनिश्चित किया जाए। ठेकेदारों द्वारा कम दरों पर ठेका लेने से कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है इसे रोका जाए प्रबंधन को कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 5000 से अधिक रिक्त वैधानिक पदों को भरा जाए। एसएसीएल के माध्यम से एमडीओ और आउटसोर्स कंपनियों में आईटीआई प्रशिक्षओ को प्राथमिकता दी जाए। ग्रेच्युटी भुगतान में हो रही देरी को समाप्त किया जाए। रोजगार पायल के निष्पादन में हो रही देरी को समाप्त किया जाए और एक समय सीमा के अंदर इसका समाधान किया जाए। कर्मचारियों को सेवा नियुक्ति के पश्चात ?12000 का निश्चित सेटलमेंट भत्ता मिल रहा है जबकि अधिकारियों को टी ए नियमों के अनुसार इसका भुगतान किया जाता है कर्मचारियों को भी टी ए नियमों के अनुसार सेटलमेंट भत्ता दिया जाए ताकि कर्मचारियों को टी ए नियमों का लाभ मिल सके। कर्मचारियों के बेरोजगार और अविवाहित बच्चों की चिकित्सा सहायता की आयु सीमा 25 से 30 वर्ष की जाए। रेस्ट्रीक्टेड प्रमाण पत्र धारा को एसएमसीसी/एफएमसीसी और ओवरमैन को विभागीय पदोन्नति श्रमिक से अधिकारी में शामिल किया जाए। अमृत फार्मेसी में डॉक्टर द्वारा लिखी गई दबाव की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

पुराने मामलों में भी कर्मचारी की मृत्यु के समय आश्रित की आयु को रोजगार हेतु आधार बनाया जाए। अवकाश की सोप को एनसीडब्ल्यूए और जेबीसीसीआई के अनुरूप किया जाए। कोल इंडिया की भूमिगत खानों में विशेष कर एस आई सी एल में वैधानिक पदों का सृजन किया जाए। रविवार की तैनाती के लिए बजट प्रतिबंधों को समाप्त किया जाए। एमडीओ मोड में खोली गई खानों को बंद किया जाए। बीसीसीएल में विभागीय खदानें खोली जाए। कोल इंडिया के सभी अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया जाए। ठेका श्रमिकों की उपस्थिति को बायोमेट्रिक सिस्टम के साथ रिकॉर्ड किया जाए। एस ए सी एल के अधिकारियों की तरह कर्मचारियों को भी हर का भुगतान किया जाए। डाटा एंट्री ऑपरेटर को ओवर टाइम सीमा से मुक्त रखा जाए। बड़े मशीनों के ऑपरेटर के लिए नया कैडर बनाया जाए। जिस कर्मचारी का स्थानांतरण उसके स्वयं के अनुरोध पर हुआ है उसे वरिष्ठता सूची में सबसे नीचे रखा जाता है पदोन्नति के समय यदि उसे श्रेणी के में केवल वही कर्मचारी पदोन्नति के लिए पत्र पाया जाता है तथा उससे अधिक वरिष्ठता वाला कर्मचारी पत्र नहीं है एवं पद रिक्त है तो ऐसी स्थिति में स्थानांतरण से आए कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाए। कलर ब्लैंडनेश के आधार पर नौकरी से वंचित किए गए बीसीसीएल में कार्यरत 3 आशीष खलखो को रोजगार दिया जाए। एलएलबी, बी बी ए+एमबीए और आईआईएम कोर्स के लिए श्रमिकों के आश्रितों को ट्यूशन हॉस्पिटल फीस प्रतिपूर्ति की जाए। कर्मचारियों को अस्पतालों में निजी या टवीन शेयरिंग रूम की सुविधा दी जाए। जब आश्रित पुत्र को आजीवन कारावास की सजा हो तो पूर्व कर्मचारी की पुत्रवधू को रोजगार दिया जाए। उक्त अवसर पर सेंट्रल वर्किंग कमेटी के मंचासीन अतिथियों में कोयला मज़दूर संघ के अध्यक्ष रेशम लाल यादव ,महामंत्री नाथूलाल पांडे ,उपाध्यक्ष हरि यादव ,आनंद मिश्रा ,कार्यकारी अध्यक्ष शिवनारायण मिश्रा, उप महामंत्री अख्तर जावेद ,बजरंगी शाही, ए विश्वास ,महामंत्री भटगांव तेज बहादुर सिंह, महामंत्री कुसमुंडा ,अरुण कुमार झा, संगठन सचिव तरुण शाह, सचिव ज्योति कुमार करकारी, अध्यक्ष समीर, देवनाथ, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, महामंत्री हसदेव सुनील कुमार पांडे, उपाध्यक्ष मिलन कुमार पांडे, सचिव रामयांशु पांडे ,विष्णु साहू ,अध्यक्ष सतीश तिवारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्रीय महामंत्री अध्यक्ष रामाशीश ,पाल क्षेत्रीय महामंत्री देवेंद्र मिश्रा ,कार्यकारी अध्यक्ष परमजीत सिंह पम्मे ,अरविंद सिंह ,नरेंद्र सिंह चौहान, अपनी पूरी टीम के साथ लग रहे।

## संक्षिप्त समाचार

# केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से प्रदेश के महिला बाल विकास मंत्री राजवाड़े ने की सौजन्य मुलाकात



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास के कार्यक्रमों के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं होगी। इस दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े से उन्होंने छत्तीसगढ़ में महिलाओं के और बच्चों के लिए संचालित किए जा रहें कार्यक्रमों के क्रियान्वयन, भविष्य की योजनाओं और रणनीतियों पर सार्थक चर्चा भी की। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के समन्वय से महिला सशक्तिकरण, बाल संरक्षण एवं पोषण अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। श्रीमती राजवाड़े ने केंद्रीय मंत्री को छत्तीसगढ़ में महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही महतारी वंदन योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन एवं कुशल नेतृत्व में प्रदेश के समग्र विकास हेतु लगातार कार्य हो रहे हैं। जिससे राज्य हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।

# ग्राम करौंदी की छात्रा का शैक्षणिक प्रमाण पत्र से भरा बैग कहीं गिरा परेशान हुई बालिका



**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**- ग्राम करौंदी निवास शशिकला पिता जय सिंह ने बताया किसत्र 2020 में जी.एन.एम. प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण की है जिसका रोल नंबर 40718 है। जिस अंकसूची को मैं फाइल में रख कर अपने घर करौंदी से उदयपुर मार्केट जा रही थी और रास्ते में मेरा फाइल कही गिर गया जिसे मैं बहुत खोजबीन की परन्तु वह फाइल मुझे नहीं मिला जिसमें मेरा अंकसूची था। जिसकी गुम होने की सूचना अपने नजदीकी पुलिस थाना उदयपुर जिला-सरगुजा में दे दो हूं । छात्र ने लोगों से मार्मिक अपील की है किजिस किसी सज्जन बंधु को। मेरा अंकसूची मिल जाता हैं तो मेरामोबाईलनंबर-9584665858 में संपर्क कर मेरा भविष्य को सवार सकता है जिसके लिए मैं आजीवन आभारी रहूंगी।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता में श्री राम प्रताप राजवाड़े ने जीता गोल्ड मेडल




**सूरजपुर ब्यूरो ( दैनिक विश्व परिवार )**-राष्ट्रीय स्तर पर चंडीगढ़ में 5 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासन प्रतियोगिता 2025 में स्वास्थ्य विभाग में सुपरवाइजर पद पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव वि.ख.भैयाथान, सूरजपुर में पदस्थ श्री राम प्रताप राजवाड़े 50 प्लस ऐज ग्रुप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले दिन ट्रेडिशनल सोलो इवेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल एवं आज दूसरे दिन आर्टिस्टिक सोलो इवेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य को गोल्ड मेडल दिलाकर सूरजपुर जिले के साथ पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने पर श्री राम प्रताप राजवाड़े को बधाई दी गई।

# संपादकीय

## बसपा के अंदर का घमासान सतह पर..

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के हालिया फैसले ने एक बार फिर उत्तर भारत की सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति को सरगर्म कर दिया है। मायावती ने सभी को चौंकाते हुए भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोआर्डिनेटर) समेत सभी पदों से हटाने का फैसला लिया है। साथ ही पार्टी प्रमुख ने अपने जीते-जी किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाने का सख्त निर्णय भी सुना दिया। स्वाभाविक है, मायावती के इस फैसले से न केवल उनकी पार्टी के लोगों को बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी अचरज में डाल दिया है। आकाश पार्टी का युवा चेहरा हैं। हालांकि जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए पार्टी का प्रदर्शन निचले स्तर का रहा। 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। यहां तक कि पिछले महीने संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे, लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी। गौरतलब है कि मायावती ने आकाश को पहली बार राष्ट्रीय समन्वयक पद से नहीं हटाया है। पिछले साल लोक सभा चुनाव से पहले भी आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है। मायावती के साथ एक नकारात्मक बात यह है कि वह कभी भी सड़क पर नहीं उतरती हैं। राजनीति की गहरी समझ रखने वाले और विपक्षी दलों के नेता भी यह मानते हैं कि अब खुल कर राजनीति करने के मायावती के दिन नहीं आने वाले। खासकर भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख रखने के स्वभाव को मायावती ने बहुत पहले साइडलाइन कर रखा है। वह भाजपा के दबाव में है। बहरहाल, मायावती के फैसले के बाद आकाश की प्रतिक्रिया में ही भविष्य के संकेत निहित हैं। आकाश का यह कहना कि %परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है', इस बात को भलीभांति स्पष्ट करती दिखती है कि बसपा में अभी बहुत कुछ घटित होने वाला है। देखना है मायावती के हार्डकोर समर्थक पार्टी के लिए कितने फायदेमंद रहते हैं

# टैरिफ कटौती,टेस्ला व भारतीय ईवी उद्योग

**डा. अश्विनी महाजन**



वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है लंबे समय से इलैक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमरीकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलैक्ट्रिक कारें अमरीका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय हैं, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना रहा है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाईल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डालर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है। टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमरीकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाईल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलैक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था। भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों को सीधे आयात करने के लिए आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलैक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी के द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हजार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलैक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है। समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दोपहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए एक दृढ़ और अनुकूल सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रिक दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। उल्लेखनीय है कि टेस्ला कारों पर टैरिफ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपए से दो करोड़ रुपए के बीच होगी। दूसरी ओर, ज्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत आठ लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। सरकार का प्रोत्साहन : भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। वित्तीय प्रोत्साहनों में हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से अपनाने और विनिर्माण (एफएएमई इंडिया) योजना शामिल है, जो ईवी की खरीद और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, ईवी पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को 12 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कुछ सीमा तक सब्सिडी भी दी जाती है। सरकार डिजिटल लेन-देन जैसे कुशल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन दे रही है। ईवी और उनके घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई है। सरकार ने 2025 तक ईवी के लिए 2.7 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा है। राज्यों द्वारा भी ईवी नीतियों को लागू किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यों की अपनी ईवी नीतियां हैं। इन नीतियों में ईवी खरीद के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, रोड टैक्स और कार पंजीकरण शुल्क से छूट और ईवी खरीद के लिए कम ऋण ब्याज दरें शामिल हैं। दिल्ली और कई अन्य राज्यों में ईवी को रोड टैक्स के भुगतान से छूट दी गई है। कुल मिलाकर, भारत सरकार और राज्य सरकारें राजकोषीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और राज्य ईवी नीतियों के माध्यम से ईवी उद्योग को व्यापक बढ़ावा दे रही हैं। चीन : एक बड़ी चुनौती : टेस्ला समेत आयातित कारों पर टैरिफ कम करने के सरकार के इस फैसले के बाद, ऐसा लग रहा है कि टेस्ला भारतीय ईवी बाजार का एक बड़ा हिस्सा छीन सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि टैरिफ कम करने के बाद भी टेस्ला भारत में अधिकतम 50000 वाहन ही बेच सकती है। दूसरी ओर, अगर हम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री देखें तो चीनी दिग्गज पहले ही ईवी बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर चुके हैं। भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों में अमरीकी अरबपति वॉरेन बफेट द्वारा समर्थित बीवाईडी शामिल है। अन्य चीनी कंपनियां भी हैं जो भारत में अपना विनिर्माण स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं, हालांकि भारत सरकार ने चीन से निवेश पर खासी कड़ाई कर दी है, जिसने भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों की योजनाओं को धूमिल कर दिया है, लेकिन यह भी सच है कि इसके बावजूद चीनी कंपनियां अमरीका और यूरोपीय देशों के साथ साझेदारी करके इन चुनौतियों से निपटने के तरीके खोज रही हैं। हालांकि, सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी कारों के भारत में प्रवेश को लेकर सरकार की ओर से की गई। प्रतिबंधों के कारण, इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के मामले में चीन से अभी भी बड़ी चुनौती आ रही है। भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण तो शुरू कर दिया है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों, खासकर बैटरी और मोटरों के लिए इन कंपनियों की बहुत बड़ी निर्भरता बनी हुई है। वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है। यह माना जा सकता है कि आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

## गले मिलने से नहीं गले पड़ने से गढ़ जीते जाते हैं

**अन्ना दुराई**

छोटा हो या बड़ा, हर देश का अपना मान सम्मान होता है। बात जब स्वाभिमान की हो तो न आगे देखा जाता है न पीछे। न पक्ष होता है न विपक्ष। समूचे नागरिकों का विश्वास अपने नेतृत्व के साथ जुड़ा होता है। अपने देश का पक्ष मजबूती के साथ रखने की भावना एक दूसरे में होती है। हर नेता अपने राष्ट्र की आन बान और शान के लिए जी तोड़ प्रयास करता है। वो हर हाल में अपने नागरिकों के हितों के लिए संघर्ष करता है। अपना नहीं अपने नागरिकों के भले की नियत होती है। दो देशों के नेता जब आपस में बात करते हैं तो सबकी निगाह उनपर टीकी होती है। सबने देखा, गलत बयानी करने पर अमरीकी राष्ट्रपति को एक अन्य राष्ट्राध्यक्ष का हाथ पकड़ कर रोक देना। हाल ही में अमरीकी राष्ट्रपति और यूक्रेन प्रमुख की तीखी तकरार ने तो झकझोरने और इससे कुछ सीखने का रास्ता दिखाया है। कभी कभी सूट बेरंग हो जाता है और कभी कभी टीशर्ट पार्टी लूट लेता है। इसलिए सच को सच और झूठ को झूठ कहने का साहस भारत को जुटाना होगा। हमारे यहाँ इन दिनों काम के लिए कम और नाम के लिए कुछ ज्यादा ही होने लगा है। यहाँ झूठी प्रशंसा के पूल बांधे जाते हैं। हमारे राष्ट्र प्रमुख जब अन्य किसी देश के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री से मिलते हैं तो जनता के समक्ष बेकार की बातें ही परोसी जाती है। हमारे यहाँ सफलता का पैमाना बड़ा ही हास्यास्पद सेट कर दिया गया है। हमारे देश के प्रमुख से कोई हाथ मिलाने के साथ साथ यदि गले मिल ले तो ऐसे प्रचारित होता है मानों गढ़ जीत लिया हो। हमारे देश के प्रमुख को कोई बाहर तक रिसिव करने आ जाए या कुर्सी सरकाकर आदरपूर्वक बिठा दे तो मिठाई बंट जाती है।

# अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

इन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने की बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष जुलाई, 2024 के बजट भाषण में कहा था कि आयकर कानून की कई धाराएं प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई थीं। कानूनी जटिलताएं भी कर अनुपालन में उभरीं और मुश्किलों व मुकदमेबाजी का सबब बनीं। नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून, 2025 के रूप में एक अप्रैल, 2026 से मौजूदा आयकर कानून, 1961 की जगह ले लेगा। गौरतलब है कि 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे। खास तौर से 1981 में कंप्यूटरीकरण की शुरु आत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उनसे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली वहीं उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचानरहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचानरहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्त्वपूर्ण हैं।

इसके अलावा, नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षो में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुत- कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मुट्ठी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में भी मदद करता है। खास तौर से इस समय जब 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नये आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नये आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढने-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटा कर नये विधेयक में केवल 2.60 लाख शब्द रखे गए हैं। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नये विधेयक ने इन्हें घटा कर 536 कर दिया है। नये आयकर विधेयक में %चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नये विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब %असेसमेंट ईयर' की जगह %टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरंसी और अन्य डिजिटल असेट्स को %कैपिटल असेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नये टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। नये आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना लगाना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाले नये आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है। इस कानून की वास्तविक परीक्षा यह भी होगी कि नया टैक्स रिजीम कर संबंधी मुकदमों में कितनी कमी लाएगा। निस्संदेह व्यक्तिगत आयकर के मामले में सरकार ने नई कर प्रणाली लागू करके बेहतर किया है।

## महिला दिवस पर पर्वतारोही याशी जा रही है ऑस्ट्रेलिया का पर्वत फतेह करने अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य श्री प्रकाश मोदी जी ने दी याशी को शुभकामनाएं



रायगढ़ जैन समाज की पहली बिटिया जिसने विश्व के चार महाद्वीपों के सबसे ऊँचे पर्वतों को फतेह कर इतिहास रच दिया, वो अब इस महिला दिवस पर अपने अभियान के अगले चरण अर्थात पांचवां महाद्वीप ऑस्ट्रेलिया के सबसे ऊँचे पर्वत माउंट कोसिस्ज़्को को फतेह करने जा रहीं है . इस तारतम्य में याशी ने भारत सरकार के अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य श्री प्रकाश मोदी जी ( पारस टीवी के डायरेक्टर) से सौजन्य भेट की. श्री मोदी जी ने याशी को शुभकामनाएं देते हुये सफलता पूर्वक सुरक्षित अभियान पूर्ण करने का आशीर्वाद दिया ज्ञातव्य है कि माउंट कोसिस्ज़्को की ऊचाई 7310 फीट है और यह ऑस्ट्रेलिया की सबसे ऊंची जगह है. खास बात यह है कि याशी ने इस अभियान के लिए पाई पाई करके स्वंम पूरी रकम इकठ्ठा की है. वो इस समय बंगलुरु की एक आईटी कंपनी में जॉब करती है. और पिछले कई दिनों से अपने इस अभियान की तैयारी कर रहीं है. अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण का इससे बड़ा और क्या उदारहण होगा. आप सभी जानते है कि याशी ने अभी तक विश्व के चार महाद्वीपों के सबसे ऊँचे पर्वतों पर हमारा महान तिरंगा और बेटी बचाओ के परचम के साथ जैन धर्म ध्वजा फहरा कर जैन धर्म के मान को और बढ़ाया है. ये पर्वत है माउंट एवरेस्ट ( एशिया), माउंट किलिमनजरो ( अफ्रीका) , माउंट एलब्रश ( यूरोप) और माउंट अककागुआ ( दक्षिण अमरीका) और अन्य कई छोटे बड़े पर्वतो को याशी फतेह कर चुकीं हैं.जैन समाज के समस्त विज्ञ जन याशी की सफलता की कामना करते हैं और उन्हें शुभकामनाएं देते है.

# महिला यात्रियों के लिए सुरक्षित ट्रेन यात्रा सुनिश्चित करना

लेखक - मुनव्वर खुर्शीद - महानिरीक्षक, रे,सु.ब. द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर (छग)



परिचय : अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। भारत में इसकी जड़ें स्वतंत्रता संग्राम और प्रारंभिक नारीवादी आंदोलनों से जुड़ी हैं, जिनका नेतृत्व सरोजिनी नायडू और कमलादेवी चट्टोपाध्याय जैसी महान विभूतियों ने किया था। स्वतंत्रता के बाद, संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए, लेकिन लिंग भेदभाव, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल की चुनौतियाँ, और पारंपरिक पूर्वाग्रह जैसी सामाजिक समस्याएँ बनी रहीं। 1975 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा [illegible] को मान्यता मिलने के बाद भारत में इसका महत्व बढ़ा। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने और उनके अधिकारों की वकालत करने का मंच बन गया। हालाँकि, लिंग-आधारित हिंसा, असमान वेतन, कार्यबल में कम भागीदारी, और शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित पहुँच जैसी समस्याएँ अब भी बनी हुई हैं।

महत्व : भारत में महिला दिवस उन अग्रणी महिलाओं का सम्मान करने का अवसर है, जिन्होंने अपने क्षेत्रों में बाधाओं को तोड़ा। यह ग्रामीण, दलित और आदिवासी समुदायों की महिलाओं की चुनौतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी माध्यम है। यह दिन शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता और कानूनी सुधारों को बढ़ावा देने के साथ-साथ पितृसत्तात्मक मान्यताओं को चुनौती देता है। अभियान, संगोष्ठियाँ और सोशल मीडिया ट्रेंड जैसे [illegible] लैंगिक समानता की इस पुकार को और तेज़ करते हैं।

### महिलाओं के सामने चुनौतियाँ

1. लैंगिक वेतन अंतर: महिलाएँ समान कार्य के लिए पुरुषों की तुलना में 20-30त्न कम वेतन पाती हैं।
2. शिक्षा तक सीमित पहुँच: ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी और सामाजिक मान्यताओं के कारण कई लड़कियों को शिक्षा से वंचित कर दिया जाता है।
3. नेतृत्व में कम प्रतिनिधित्व: भारतीय संसद में केवल 14त्न सांसद महिलाएँ हैं।
4. स्वास्थ्य सेवाओं तक असमान पहुँच: महिलाएँ अक्सर प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में बाधाओं का सामना करती हैं।
5. डिजिटल विभाजन: ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की प्रौद्योगिकी और इंटरनेट तक पहुँच कम होती है।

### घर के बाहर महिलाओं के सामने समस्याएँ

1. सार्वजनिक स्थानों पर उत्पीड़न और हिंसा: महिलाएँ अक्सर छेड़खानी, कैट-कॉलिंग और शारीरिक हमले का सामना करती हैं।
2. सार्वजनिक परिवहन में सुरक्षा संबंधी चिंताएं: बसों और ट्रेनों में महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है।
3. कार्यस्थल पर भेदभाव: महिलाएँ अक्सर लैंगिक पूर्वाग्रह और यौन उत्पीड़न का सामना करती हैं।
4. स्वच्छता तक पहुँच की कमी: साफ-सुथरे सार्वजनिक शौचालयों की कमी महिलाओं के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है।
5. सांस्कृतिक और सामाजिक प्रतिबंध: महिलाओं की यात्रा और सार्वजनिक जीवन में भागीदारी पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं।
6. आर्थिक शोषण: असंगठित क्षेत्रों में महिलाएँ कम वेतन और लंबे कार्य घंटे का सामना करती हैं।
7. साइबर उत्पीड़न: महिलाएँ ऑनलाइन उत्पीड़न और साइबर बुलिंग का शिकार होती हैं।
8. शिक्षा और खेल में भेदभाव: लड़कियों को अक्सर उच्च शिक्षा और खेलों में भाग लेने से हतोत्साहित किया जाता है।

### महिलाओं के लिए ट्रेन यात्रा की चुनौतियाँ

1. सुरक्षा संबंधी चिंताएं: महिलाएँ अक्सर उत्पीड़न और चोरी का शिकार होती हैं।
2. अपर्याप्त सुविधाएं: ट्रेनों में गंदे शौचालय और महिला डिब्बों की कमी एक बड़ी समस्या है।
3. भीड़भाड़ और गोपनीयता की कमी: जनरल डिब्बों में यात्रा करने वाली महिलाओं को असुविधा होती है।
4. लंबी दूरी की यात्रा में चुनौतियाँ: रात में यात्रा करने वाली महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है।
5. आपातकालीन सहायता में देरी: उत्पीड़न या चिकित्सा संबंधी आपात स्थितियों में प्रतिक्रिया अक्सर धीमी होती है।

### महिला यात्रियों के लिए आरपीएफकी पहल

1. मेरी सहेली पहल: अकेली यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
2. शक्ति, दुर्गा और देवी स्क्वाड: महिलाओं के खिलाफ अपराधों को रोकने के लिए विशेष टीमें।
3. ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते: गुमशुदा और तस्करी के शिकार बच्चों को बचाना।
4. निर्भया फंड परियोजनाएं: [illegible] कैमरे और पैनिक बटन लगाना।
5. 139 रेलवे हेल्पलाइन: 24×7 आपातकालीन हेल्पलाइन।
6. अक्षिता सेफ बबल: महिलाओं के लिए सुरक्षित प्रतीक्षा क्षेत्र।
7. ऑपरेशन मातृ शक्ति: गर्भवती महिलाओं की सहायता करना। 2024 में 174 प्रसव में सहायता की गई।
8. ऑपरेशन जीवन रक्षा: जनवरी 2024 में 3,384 यात्रियों की जान बचाई गई।
9. ऑपरेशन डिग्निटी: 2024 में 4,047 लोगों को बचाया गया, जिनमें 1,607 महिलाएँ शामिल थीं।

निष्कर्ष-अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भारत में महिलाओं की प्रगति और चुनौतियों को उजागर करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। आरपीएफ जैसी पहलों ने महिलाओं की सुरक्षा में सुधार किया है, लेकिन लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के लिए अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है। शिक्षा, कानूनी सुधार और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से ही महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाया जा सकता है।

## दिल्ली से गिरनार जी 1500 किमी लंबी धर्म पद यात्रा के लिए बलबीर नगर, दिल्ली जैन समाज की विशेष सभा आयोजित

**यमुनापार दिल्ली की संस्थाओं, खतौली और हाथरस समाज द्वारा धर्म पदयात्रा को पूर्ण समर्थन**

### सड़क परिवहन और राजमार्ग केंद्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा धर्म पद यात्रा के शुभारंभ समारोह में होंगे शामिल



**बलबीर नगर/ शाहदरा (विश्व परिवार)।** दिल्ली जैन मंदिर जी प्रबंधक समिति द्वारा 5 मार्च 2025 को धर्म पद यात्रा के समर्थन और सहयोग के लिए संस्थाओं की एक विशेष सभा का आयोजन अतिथि भवन में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में अनेकों संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों ने भाग लिया।

विश्व जैन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने धर्म पद यात्रा के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए शुभारंभ स्थल बलबीर नगर से यात्रा को भव्यता प्रदान करने हेतु सुझाव दिए और सभी को परिवार और मित्रों सहित यात्रा में शामिल होने का आह्वाहन किया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री यश जैन और राष्ट्रीय कार्यकारिणी सम्मानित सदस्य अनुज जैन ने बताया कि बलबीर नगर जैन समाज के संरक्षक देवेंद्र जैन, चमन लाल जैन, प्रधान अनिल जैन, महामंत्री राजीव जैन, मंत्री अमित जैन, ज्योति नगर प्रधान नीरज जैन, नवीन शाहदरा, कबूल नगर से उपाध्यक्ष धीरज जैन, महामंत्री प्रवीण जैन, ज्योति कॉलोनी से राजीव जैन, शिवाजी पार्क से प्रमोद जैन, रामनगर, मोदी नगर और अन्य समाज की कमेटियों से पदाधिकारियों ने धर्म पद यात्रा के सफल आयोजन के लिए अपने सुझाव दिए और धर्म पद यात्रा में समाज सहित उपस्थित होकर पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

संगठन की महिला प्रकोष्ठ संयोजिका रुचि जैन ने पद यात्रा के लिए सुझाव दिए और कविता के माध्यम से सभी को यात्रा में शामिल होने का आह्वाहन किया। श्री प्रदुम्न जैन सर्वोदय तीर्थ धारूहेड़ा ने बताया कि सड़क परिवहन और राज मार्ग केंद्रीय राज्य मंत्री श्री हर्ष मल्होत्रा धर्म पद यात्रा के शुभारंभ समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्री दीपक जैन डेक वाले, विश्वास नगर ने बताया कि खतौली जैन समाज के अध्यक्ष श्री सुशील जैन ने पूर्ण समर्थन और हाथरस जैन समाज के अध्यक्ष श्री उमा शंकर जैन ने यात्रा के हाथरस में भव्य आगवानी की घोषणा की। **-आकाश जैन**

## जिस दिन पुण्य की गागर भर जायेगी तुम भगवान वन जाओगे : मुनि श्री सुधासागरजी महाराज

**शान्ति नाथ के साथ नवीन प्रतिमा को दिया दिव्य आसन किया मंत्रंन्यास**

### बोहरी वंद तीर्थ की वंदना करने दुनिया भर से भक्त आयेंगे : विजय धुर्रा



**बोहरी वंद तीर्थ (विश्व परिवार)।** पाप का घड़ा तो भरता है लेकिन पुण्य का घड़ा भरता नहीं, जिस दिन पुण्य की गागर भर जायेगी, उस दिन तुम भगवान बन जाओगे पुण्य का फल अरिहन्त पद में परिवर्तित हो जाता है। गृहस्थों के षटकर्म पुण्य के घड़े को भरने के लिए बताये गए है गृहस्थ यदि इन षट आवश्यको का पालन करते हुए मोक्ष मार्ग पर बढ़ता चला जाता है तो वह दिन दूर नहीं जव वह परम पावन पद को प्राप्त कर लें जीवन का उद्देश्य भी यही होना चाहिए उक्त आश्य केउद्गार श्री चमत्कारोदय तीर्थ बोहरीवंद में भगवान श्रीशांतिनाथ स्वामी पर मंत्रंन्यास करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज ने व्यक्त किए।

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा भव्यता और दिव्यता का संगम वन गया चमत्कारोदय तीर्थ इस तीर्थ पर देवाधिदेव भगवान श्री शांतिनाथ स्वामी को दिव्य आसन पर विराजमान करने का सौभाग्य जाने माने उधोग पति श्री सौभाग्यमल राजेन्द्र कुमार कटारिया परिवार को मिला बही नवीन प्रतिमा को स्थापित करने का सौभाग्य उत्तम चंद अनुराग कुमार अनुज कुमार कोयला परिवार को मिला इस परिवार ने वर्षो पूर्व आचार्य भगवंत गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज से प्रभु को दिव्य आसन पर विराजमान करने का आशीर्वाद प्राप्त किया था और आज परमपूज्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज जव मंत्रंन्यास कर रहे थे तव अनुराग भाई की आंखें भर आईं वो एक स्वप्न को साकार होते देख रहे थे कोयला परिवार को ही चेतनोदय तीर्थ कटनी के मूलनायक मन्दिर को बनाने का सौभाग्य गुरु देव के आशीर्वाद से प्राप्त हुआ था।

मुनि पुंगव ने कहा कि जब तक साधन के रूप में धन रहेगा वह अहितकारी नहीं होगा लेकिन धन साध्य बन जाता है। धन साधन है, धर्म साध्य है लेकिन लोग धर्म को साधन बना रहे है, धन को साध्य इसलिए वह धन पतन का कारण बन जाता है, रावण ने भी यही तो किया गुरु और भगवान के लिए विवाह का आमंत्रण पत्र दो दृष्टि से रखा जाता है- एक आराधना की दृष्टि से क्योंकि वह महान है, आराधना के योग्य है। **-विजय धुर्रा**

## संक्षिप्त समाचार

### 45 दिगम्बर जैन साध्वियों की जैन संवेदना ट्रस्ट ने की भव्य अगवानी, 1100 किलोमीटर की पदयात्रा कर सम्मेदशिखर की ओर विहार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज की प्रथम शिष्या आर्यिका गणिनी 105 गुरूमति माताजी एवं दृढ़मति माता जी सह वृहद साध्वी समुदाय का रायपुर मंगलप्रवेश के अवसर पर जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा श्रीमती मीना कोचर ने ऋषभदेव श्वेतांबर जैन मंदिर सदर बाजार के सम्मुख पद प्रक्षालन कर स्वागत किया। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने इस अवसर पर कहा कि दिगम्बर जैन साध्वी समुदाय की 45 से अधिक साध्वीवृन्द का आगमन राजधानी के लिए सौभाग्य की बात है। आपके आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में शान्ति सुख समृद्धि का स्थापित होगी। आपके उपदेशों से सत्य, अहिंसा, करुणा का प्रसार होगा। दिगम्बर जैन साध्वी समुदाय डोंगरगढ़ से सम्मेदशिखर की 1100 किलोमीटर की पदयात्रा हेतु विहार कर रहे हैं।जैन संवेदना ट्रस्ट समस्त साध्वीवृन्द के समृद्ध स्वास्थ्य की कामना करता है। साध्वियों के स्वागत के अवसर पर महावीर कोचर, वीरेन्द्र डागा गुलाब दस्सानी, विकास धाड़ीवाल, राजेन्द्र पारख श्रीमती मीना कोचर, प्रेरणा कोचर, सोनल बैद, नियति धाड़ीवाल सम्मलित हुए।

### भगवान की आराधना एकाग्रचित्त होकर करें : मुनि श्री योग सागर जी महाराज



**सागर (विश्व परिवार)।** भगवान की आराधना औपचारिकता को छोड़कर और पूरी तन्मयता व एकाग्रचित्त के साथ करना चाहिए।पापों की निर्झरा के लिए भगवान की आराधना की जाती है। यह बात निर्यापक मुनिश्री योगसागर महाराज ने सिद्धचक्र महामंडल बिधान के पहले दिन न्या नगर स्थित महावीर जैन मंदिर में कही। उन्होंने कहा कि हम किसी भी अवस्था में रहें भक्ति मे एकाग्रता हमेशा बनाए रखें। आठ दिन सिद्धों की आराधना होगी। भक्ति सुखद अवस्था मे हो या दुखद हो भक्ति का फल अवश्य मिलेगा। दान देकर मोह को शांत कर आप भक्ति कर रहे हैं। सिद्ध चक्र महामंडल विधान के पहले दिन पात्रो का सकलीकरण विधि विधान से मन्त्रोच्चार से किया गया इसके बाद घटयात्रा निकाली गई और शेष पात्रों का चयन किया गया।

## समाज की बुराइयों की अपेक्षा अच्छाइयों का प्रकाशन करें जैन पत्रकार आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज

**जैन पत्रकार महासंघ का जुरेहरा में क्षेत्रीय अधिवेशन सम्पन्न**



**जुरेहरा (विश्व परिवार)।** मेलों की ऐतिहासिक नगरी व राजस्थान की सीमा पर स्थित जुरहरा में काल्पनिक रूप से निर्मित अयोध्या नगरी में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान तप कल्याणक के अवसर पर जैन पत्रकार महासंघ क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन ओमप्रकाश जैन कोसीकला की अध्यक्षता, रमेश जैन तिजारिया के मुख्य आतिथ्य एव रविंद्र जैन पूर्व प्रधान पंचायत समिति के विशिष्ट आतिथ्य में आचार्य वसुनंदी महाराज ससंघ सानिध्य में आयोजित किया गया।

मुख्य संयोजक विपिन जैन के अनुसार पत्रकार सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व चित्र अनावरण के साथ हुआ तो वही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति एवं जैन समाज जुरहरा द्वारा उपस्थित जैन पत्रकारों का सम्मान किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए स्वाति जैन हैदराबाद ने कहा कि नवीन जिनालयों के साथ-साथ प्राचीन तीर्थो का संरक्षण भी होना चाहिए। सम्मेलन का संचालन करते हुए जैन पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय सांस्कृतिक मंत्री संजय जैन बड़जात्या ने कहा की वास्तविक पत्रकार तो राजा श्रेणीक थे जिन्होंने भगवान महावीर से भी साठ हजार से भी अधिक प्रश्न पूछे अत: वास्तविक पत्रकार वही है जो प्रश्न पूछता है और खबर को खोज कर लाता है। महेंद्र बैराठी राष्ट्रीय प्रचार प्रभारी ने कहा कि वर्तमान में तीर्थो पर सुविधाओं का विकास होना अतिआवश्यक है। हरीश जैन अलवर ने नील गायों की हत्या पर रोक की मांग रखी तो पुष्पेन्द्र जैन सीकरी ने पुरातन जैन धरोहर को सहेजने की बात रखी। इस अवसर पर ओमप्रकाश जैन कोसी प्रकाशक जैन सन्देश ने कहा की पत्रकारों को निष्पक्षता से समाज हित ने कलम का उपयोग करना चाहिए। राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश तिजारिया ने कहा कि समाज को भी पत्रकारों को पूर्ण सहयोग व सम्मान प्रदान करना चाहिए जिससे मनोबल बढ़ सके। आचार्य वसुनंदी महाराज ने कहा कि समाज की बुराइयों की अपेक्षा अच्छाइयों का प्रकाशन करें जैन पत्रकार, नकारात्मक की जगह सकारात्मक खबर प्रकाशित करे जो औरों को प्रोत्साहित करें तभी समाज मे बदलाव हो सकता है। उन्होंने सभी पत्रकारों को निर्देशित करते हुए कहा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव के जन्म कल्याणक पर सरकारों द्वारा राष्ट्रीय सार्वजनिक अवकाश की मांग को सभी पत्रकारों को एक साथ उठाना चाहिए। भगवान ऋषभदेव जैन धर्म के प्रवर्तक हैं उनकी जन्म जयंती विशेष रूप से मनानी चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय संयोजक तरुण जैन तन्नी व विपिन जैन,स्वाति जैन ने सभी का आभार प्रकट किया इस अवसर पर शेलेन्द्र जैन, सुरेंद्र प्रकाश जैन,दीपक गोधा जयपुर,महावीर जैन कामां सहित स्थानीय रतन वशिष्ठ, अखिल वशिष्ठ व रेखचन्द भारद्वाज ने सुझाव रखे। राष्ट्रीय महामन्त्री उदयभान जैन के अनुसार जैन पत्रकार महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन स्वस्ति धाम जहाजपुर में 22 व 23 मार्च2025 को आयोजित किया जा रहा है जिसमें देश के विभिन्न प्रांतों से जैन पत्रकार उपस्थित होंगे। **-उदयभान जैन**

## कम बोलना, काम का बोलना, सबसे बड़ा गुण है : आदित्यसागर जी महाराज

**इंदौर (विश्व परिवार)।** श्री विशुद्धकुल गौरव,आध्यात्मिक महाद्युति, श्रुतसंवेगी श्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी महाराज, श्रुतप्रिय श्रमण श्री 108 अप्रमितसागर जी महाराज, अशोकनगर गौरव सहजानंदी श्रमण श्री 108 सहजसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 श्रेयससागर जी महाराज इंदोर में विराजमान है।



मुनीत्रय की चरण धूलि से पावन हो रही है,इंदोर की वसुधा। नित्यम आदित्यम आनंदम।

श्रुत संवेगी श्रमण आदित्य सागर महाराज जी ने इंदोर में कहा कि कम बोलने का गुण बहुत दुर्लभ है, अधिकतर लोग ज्यादा बोलते हैं, मगर करते काम ही हैं। अल्प शब्दों में बहुत कहना सर्वश्रेष्ठ कला है। सही बात है- कम बोलना,काम का बोलना, सबसे बडा गुण है।

अद्वितीय आदित्यसागर जी महाराज- श्रुत संवेगी श्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी महाराज धरातल पर प्रत्यक्ष दर्शन देने वाली उन भव्य आत्माओं में से एक हैं जिनका सान्निध्य, पारस मणि के स्पर्श के समान है। संस्कारधानी जबलपुर के मस्तक पटल पर गौरव का चंदन तो उसी दिन लग चुका था, जब 24 मई 1986 के दिन, पिता राजेश और माँ वीणा की कोख में जन्म हुआ था सौभाग्य का, वैसे तो इस पुत्र का नाम सन्मति रखा गया था, पर कोई नहीं जानता था कि यही सन्मति एक दिन जिनशासन के यश आकाश को प्रकाशित करने वाला अद्वितीय आदित्य बन कर उदित होगा, एक दिन अपनी साधना और वात्सल्य के बल पर सहस्रों लोगों के जीवन में सौभाग्य बन कर प्रवेश कर जायेगा। परंतु हम ने उनके चमत्कारों पर या लाखों लोगों द्वारा हो रहे उनके जय-जयकारों के सामने अपना मस्तक नहीं टेका, हम ने किसी भय या स्वार्थ से उन्हें अपना गुरु नहीं माना।

हम ने तो बहुत गहराई से समझा उस व्यक्ति को जिसने M.B.A. (Gold Medalist) और B.B.A. जैसी शैक्षिक योग्यता, संपन्न एवं समृद्ध परिवार, स्वर्ण-आभूषणों के प्रतिष्ठित व्यापार और सुकुमारिता से भरे भविष्य की कामनाओं को एक पल में किसी तृण के समान छोड़ देने का साहस किया। जिसके पास विलासितापूर्ण जीवन जीने के अनेकों विकल्प मौजूद थे, जिसकी प्रखर दैहिक आभा, अप्रतिम सुंदरता, अद्वितीय बुद्धिलब्धि और पुण्य-शक्ति के आगे सभी सांसारिक सुख किसी चरण चंचरिक की तरह उसके सामने नतमस्तक होने को तैयार बैठे थे, परंतु इन सब मोह और सुखों के आगे तो भोगी झुका करते हैं योगी नहीं, सन्मति भैया ने जो पथ चुना था वह इन सब से ऊपर था- निर्ग्रंथ पथ, और फिर सन्मति भैया ने 08 नवम्बर 2011 को गुरु के प्रति समर्पण के विशुद्ध-सागर में ऐसी डुबकी लगाई कि सागर के अंदर जो गया वह थे सन्मति, पर जो बाहर आये वह थे आदित्य जिन्होंने हम जैसे अनेकों को सत्पथ दिखाया, हम जब जब गिरने लगे उनके शब्दों ने हमें वापस उठाया, उन्होंने हमें कला सिखाई कि जीवन कैसे जिया जाता है, उन्होंने हमें बताया व्यक्ति को व्यक्तित्व कैसे बनाया जाता है। उन्हें शब्दों में बयाँ कर पाना संभव नहीं है, हाँ ! ये वही हैं जिनके लिये असंभव भी पूरी तरह असंभव नहीं है।

मुनि श्री आदित्य सागर महाराज जी के निर्देशन में आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज का पट्टाचार्य महा महोत्सव 25 अप्रैल 2025 में 2 मई 2025 तक सुमतिधाम इंदोर में संपन्न होनेवाला है। नमोस्तु शासन जयवंत हो।

**-अभिषेक अशोक पाटील**

## महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण एक सशक्त राष्ट्र की पहचान है : बन्दे

### महिलाओं के सम्मान में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**रायपुर (विश्व परिवार)।** महिलाओं के सम्मान में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस देश भर में आयोजित की जा रहीं है। इस अवसर पर बलोदाबाजार निवासी नेहरू युवा केंद्र, रायपुर के पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक, ईश्वर प्रसाद बन्दे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के शुभ अवसर पर सभी महिलाओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस वर्ष का थीम %तेजी से कार्रवाई करें% एक्सेलिरेट एक्शन है, जो लैंगिक समानता की दिशा में तेज़ी से कदम उठाने की आवश्यकता पर बल देता है। ईश्वर प्रसाद बन्दे ने कहा, महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनकी भागीदारी के बिना समाज का संपूर्ण विकास असंभव है। महिलाओं के अधिकारों और उनके सम्मान की रक्षा करना हमारी सामूहिक ज़िम्मेदारी है। उन्होंने यह भी कहा, इस वर्ष की थीम %तेजी से कार्रवाई करें% हमें यह याद दिलाती है कि लैंगिक समानता केवल एक लक्ष्य नहीं है, बल्कि यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें हमें सभी क्षेत्रों में सक्रिय और ठोस कदम उठाने होंगे। हमें महिलाओं को समान अवसर, सुरक्षा और सम्मान प्रदान करने के लिए मिलकर प्रयास करना होगा। यह केवल महिलाओं के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक नई दिशा और ऊर्जा का स्रोत बनेगा।

## जनपद अध्यक्ष राजकुमार सिंह ने लिया शपथ ग्रहण



**सभा कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.के. टेंगवार ने दिलाया शपथ**

**जशपुर (विश्व परिवार)।** शुक्रवार को जनपद पंचायत दुलदुला के नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष राजकुमार सिंह व जनपद उपाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता समेत जनपद क्षेत्र के सभी सदस्यों ने सभाकक्ष में शपथग्रहण लिया। उनको मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.के. टेंगवार के द्वारा शपथग्रह कराया गया। इस दौरान उन्होंने विधि विधान से पूजन अर्चन करके जनपद अध्यक्ष रूम में प्रवेश किए। इसके साथ ही उन्होंने जनपद के कार्यो की जिम्मेदारी सम्हाल ली। इस दौरान उन्हें मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.के. टेंगवार ने कार्यो की जानकारी दी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत जनपद सदस्य मौजूद रहें।

## आचार्य श्री धर्मसागर जी का 57वॉ आचार्य पद एवं आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का 57वॉ संयम वर्षवर्धन वर्ष भक्ति भावपूर्वक मनाया गया

**सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ**



**धरियाबाद (विश्व परिवार)।** फागुन माह की अष्टाहिंका पर्व के पूर्व माध् माह ओर चैत्र माह में दश लक्षण पर्व आते है यह पर्व वर्ष में 3 बार आते है। सिद्ध भगवान अशरीरी हैं उनके पूजन के साथ भक्ति से हम शरीरी मानव की पूजा की। यह पूजन नंदीश्वर दीप में स्थापित अकृतिम चेत्यालय की पूजन चार निकाय के देवता करते हैं 8 दिन की पूजन के बाद इतना अभिषेक होता हैं जिसमें देवता तैरते हैं यह मंगल देशना आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने सिद्ध चक्र मंडल के प्रथम दिन प्रगट की ।फागुन शुक्ल अष्टमी 7 मार्च अनेक शुभ संकेत लेकर आया जब धरियाबाद में आचार्य श्री धर्म सागर जी का 57 वा आचार्य पद, आचार्य श्री वर्धमान सागर जी का 57 वा दीक्षा वर्ष के साथ सिद्ध चक्र महामंडल विधान का शुभारंभ,हुमड 27 समाज की कुल देवी स्थापना का संकल्प सहित मंदसौर बही पार्श्वनाथ में 16 से 20 अप्रैल तक आचार्य संघ सानिध्य में होने वाले पंच कल्याणक की पत्रिका के विमोचन सहित अनेक मांगलिककार्यक्रमों के साथ प्रारंभ हुआ ।प्रात:काल आचार्य श्री की चरण वंदना समस्त 51 साधुओं ने की बाद में श्री जी का अभिषेक पूजन पश्चात सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा आयोजित मंडल विधान का शुभारंभ शताधिक महिलाओं द्वारा घट यात्रा, ध्वजारोहण, आचार्य श्री की पूजन, आचार्य श्री को विनयांजलि, धर्म उपदेश इंद्रो का सकलीकरण, मंडल विधान की पूजन, शाम को श्री जी आचार्य श्री की आरती शास्त्र प्रवचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। आज शिष्या आर्यिका श्री पूर्णिमामति,श्री दिव्यांशुमति,श्री महायश मति,आर्यिका श्री प्रणत मति के केशलोचन भी हुए।

फागुन शुक्ल अष्टमी वर्ष 1969 शुभ दिवस है जिस दिन प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा के तृतीय पट्टाधीश आचार्य श्री धर्म सागर जी महाराज पदारूढ़ हुए उसी दिन उन्होंने 11 भव्य प्राणियों को मुनि आर्यिका क्षुल्लक दीक्षाएं प्रदान की। इसी दिन आचार्य श्री से सनावद के 19 वर्षीय युवा यशवंत ने आचार्य श्री से दीक्षा प्राप्त कर मुनि श्री वर्धमान सागर की बने। संयोगवश धरियावद को ही नही वरन 51 साधुओं को महान आचार्यों का गुणानुवाद करने का अवसर मिला। सिद्ध चक्र मंडल विधान का ध्वजारोहण संजय, मानमल, छगन लाल गांधी ने किया। पंडित विशाल राजेश पंचोलिया अनुसार आचार्य श्री शांति सागर जी एवं पूर्वाचार्यों के चित्र का अनावरण एवं दीप प्रवज्जलन संघ के भैया दीदी 18000 दशा हूमड समाज अध्यक्ष दिनेश खोडनिया,गणेश सराफ बाहर से पधारे अतिथियों एवं स्थानीय पदाधिकारियों ने किया। मंगलाचरण पश्चात नृत्य मंगलाचरण आचार्य श्री शांति सागर पाठ शाला गामड़ी, आचार्य श्री कुंथू सागर पाठशाला पारसोला के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बागड़ क्षेत्र के विभिन्न नगरों की रात्रि पाठ शाला के बच्चो को टी शर्ट जिस पर वात्सल्य वारिधी अंकित है इन्हें शिखरचंद, विनोद, घाटलिया परिवार उदयपुर द्वारा वितरित हुई ।आचार्य श्री धर्मसागर जी को विनयांजलि संघ के साधुओं तथा आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने प्रगट की ।आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के 57 वर्षों के दीर्घ कालीन वात्सल्य, ज्ञान उपदेशों के प्रति भावांजलि संघ के साधुओं ने दी। धर्म उपदेश के बाद दोनों आचार्यों की पूजन की गई। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के चरणों का प्रक्षालन का सौभाग्य राजेंद्र छगनलाल गनोडीया को तथा जिनवाणी भेंट करने का सौभाग्य को प्राप्त हुआ।

## विश्व महिला दिवस पर अभिव्यक्ति



**रामगंजमंडल (विश्व परिवार)।** आज हम विश्व महिला दिवस मना रहे है इसे मनाना निश्चित रूप से सार्थक है नारी शक्ति वो शक्ति है जो जीवन का उद्धार करती है जीवनदायिनी है यदि देखा जाए तो भारत एक ऐसा राष्ट्र है जहा नारी को देवी के रूप मे पूजा जाता है। नारी स्वाभिमान है। नारी गौरव है। यदि हम देखे आज की नारी अबला नहीं है आज हर कार्य को कर रही यदि परिवार पर जिम्मेदारी उठाने का समय आता है ऑटो रिक्शा ट्रेन तक चलाने लगी है और साहस के साथ चलते हुए अन्तरिक्ष को भेदकर वायुयान तक उड़ाने लगी है। आज देखे तो हमारे भारत देश की प्रथम नागरिक भी महिला है राष्ट्रपति है नारी बलिदान का रूप है देश की आज़ादी मे बलिदान करने वाली रानी लक्ष्मी बाई जिनके लिए कहा जाता है खूब लड़ी मर्दानी वो तो झाँसी वाली रानी थी। नारी अर्पण और समर्पण का प्रमाण है ममता की बात की जाए तो नारी ममता की खान है वोह यामिनी दामिनी और इस सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड का मान है एक नारी है जो माता बनकर सृष्टि सजाती है यदि नारी नहीं तो यह संसार सुना सुना ही होगा कहा जाता है जग सुना सुना लागे रे अगर घर मे न हो तो घर वीरान सा लगता है निश्चित रूप से संसार घर परिवार की नारी शान है।

### क्या खूब कहा है-

तेरे प्यार की छाया में ही पाया सबने रूप,
जो भी दिखता है इस सृष्टि में सब है तेरा स्वरूप,
हे! नारी तुम रखती हो निज कितने ही रूप,
जननी, सुता, भगिनी, भार्या, माँ अम्बे का स्वरूप
नारी तुम प्यार की मूरत,रिश्ते-नातों का आधार।
रक्षा इनकी करो सदा ही,पर सहना मत अत्याचार।।
जो लोग दबाना चाहें तुमको,रहो विरोधी हो तैयार।
फूलों बदले फूल चढ़ाना,शूलों को शूलों का हार।।
जो भी देखे तुच्छ नयन से,रणचंडी का लो अवतार।।
चारों ओर दरिंदे बैठे,लाचारी पर करने वार।
बिजली बनके तुम टूट पड़ो,खंडित करो धरा का भार।।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354

## संक्षिप्त समाचार

### एमेज़ॉन इंडिया का एलिवेटहर 2025 स्पीड मेंटरिंग और करियर डेवलपमेंट द्वारा महिलाओं को सशक्त बना रहा है

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (आईडब्लूडी) 2025 के अवसर पर एमेज़ॉन इंडिया ने 'एमेज़ॉन एलिवेटहर 2025' का आयोजन किया। यह पहल मेंटरशिप और करियर डेवलपमेंट के अवसरों द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई है। इस साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की वैश्विक थीम के अनुसार बैंगलोर में एक ईवेंट 'एक्सेलरेट एक्शन' का आयोजन किया गया, जिसमें एमेज़ॉन के लीडर्स और महत्वाकांक्षी प्रोफेशनल्स ने मेंटरशिप, सहयोग और स्पॉन्सरशिप पर ज्ञानवर्धक बातचीत की। एलिवेटहर 2025 से लैंगिक समानता की ओर एमेज़ॉन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है, जो महिलाओं को अपनी पूरी क्षमता का विकास करने के लिए आवश्यक टूल्स और संसाधन प्रदान करने के लिए समर्पित है। इस ईवेंट में स्पीड मेंटरिंग सत्र आकर्षण का केंद्र था। इसमें विभिन्न पृष्ठभूमियों की 100 से अधिक महिलाओं ने एमेज़ॉन लीडर्स के साथ करियर विकास, लीडरशिप के विकास एवं प्रोफेशन में आगे बढ़ने के लिए आत्मविश्वास के निर्माण पर गहन वार्ता की। इसके साथ ही ''गाईडिंग लाईट: स्पॉन्सरशिप, रेज़िलिएंस, एंड एम्पॉवरिंग वीमेन टू राईज़' विषय पर गंभीर चर्चा हुई, जिसमें अभिनेत्री और लेखिका, सोनाली बेंद्रे और दीप्ति वर्मा, वीपी - एचआर/पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन इंडिया, जापान एंड इमर्जिंग मार्केट्स ने हिस्सा लिया। दीप्ति वर्मा, वीपी, एचआर/पीपुल एक्सपीरिएंस एंड टेक्नोलॉजी, एमेज़ॉन इंडिया, जापान एंड इमर्जिंग मार्केट्स ने कहा, ''एमेज़ॉन में हम ऐसी संस्कृति का विकास कर रहे हैं, जिसमें सभी लोग आगे बढ़ें।

### चाहे जितना भी करो, ये कम है: एडलवाइज लाइफ़ की स्टडी से पता चलता है कि भारत में सैंडविच जेनरेशन के 60 प्रतिशत लोगों को भविष्य की फाइनेंशियल सिक्योरिटी की चिंता है

**नईदिल्ली।** भारत में सैंडविच जेनरेशन के लोग अपने माता-पिता और बच्चों की ज़िंदगी को हर संभव तरीके से सबसे बेहतर बनाने पर ध्यान देते हैं, फिर भी उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने भविष्य के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस की एक स्टडी के अनुसार, 60 प्रतिशत उत्तरदाता इस बात से सहमत हैं कि, चाहे मैं कितनी भी सेविंग या इन्वेस्ट कर लूँ, पर ऐसा लगता है कि ये भविष्य के लिए काफ़ी नहीं है। सामान्य तौर पर 35 से 54 साल की उम्र के लोगों को सैंडविच जेनरेशन कहा जाता है, जिनके कंधों पर दो पीढ़ियों - यानी अपने बुजुर्ग माता-पिता और बढ़ते बच्चों की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी होती है। जीवन बीमा कंपनी ने YouGov के साथ मिलकर देश के 12 शहरों में इस जेनरेशन के 4,005 लोगों का एक सर्वे किया, ताकि उनके नज़रिये, उनकी धारणा और वित्तीय तैयारी के स्तर को समझा जा सके। इस मौके पर एडलवाइज लाइफ़ इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, सुमित राय ने कहा, पिछले कुछ सालों में अपने ग्राहकों के साथ बातचीत के आधार पर हमने इस बात को करीब से जाना है कि, सैंडविच जेनरेशन के लोग किस तरह अपने माँ-बाप और बच्चों की देखभाल के बीच फंसे हुए हैं। वे स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसी ज़रूरी सुविधाएँ उपलब्ध कराना चाहते हैं, साथ ही वे अरमानों भरी ज़िंदगी भी देना चाहते हैं, जिसमें 'ज़रूरतों' को पूरा करने के लिए 'ख़्वाहिशों' की कुर्बानी नहीं देनी पड़े। यही सबसे बड़ी वजह है, जो उन्हें वित्तीय फैसले लेने के लिए प्रेरित करती है।

# जिले के महिलाओं को स्वरोजगार का मिलेगा नया अवसर- कलेक्टर मयंक

### अतुल्य दंतेवाड़ा एप्प और वंडर्स ऑफ दंतेवाड़ा काफी बुक का विमोचन



**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में बढ़ावा देने के उद्देश्य से लाईवलीहुड कॉलेज कारली में राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली के द्वारा जिले में नि:शुल्क सर्टिफिक्रेट कोर्स फैशन डिजाइन, बुनाई, पावरलूम प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष अरविन्द कुंजाम, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने कहा कि जिला प्रशासन की यह सराहनीय पहल है जो महिलाओं को सशक्त बना रही है। जिससे महिलाओं आत्मनिर्भर बन सकेगी। यहां पहल महिलाओं के लिए रोजगार का एक अच्छा अवसर उपलब्ध कराने की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस तरह की योजनाओं से महिलाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का मौका मिलेगा। महिलाओं को इस अवसर का पूरा लाभ उठाने के लिए आगे आना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने ने सभी महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने इस अवसर पर बताया कि राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली के संस्थान से जिला प्रशासन का अनुबंध किया गया है। जिसके तहत वर्तमान में 90 महिलाओं को 800 घंटे का प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ किया गया है और 500 महिलाओं को रोजगार देने का लक्ष्य भी रखा गया है। इस तरह की योजनाएं न केवल स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि समुदाय के विकास में भी योगदान देते हैं। सिलाई का यह कौशल विभिन्न संस्थानों जैसे स्कूल, आश्रम, पोटाकेबिन और आंगनवाड़ी में भी उपयोगी साबित होगा। जिला प्रशासन महिलाओं द्वारा निर्मित परिधानों के लिए मार्केटिंग की भी व्यवस्था करायेगा। इस मौके पर कलेक्टर ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए उनसे आग्रह किया कि वे पूरे मेहनत और लगन से अपना प्रशिक्षण को पूरा कर अपने को परिधान निर्माण में हुनरमंद बनाए। उल्लेखनीय है कि देश की प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद दिल्ली द्वारा जिले की महिलाओं को फैशन डिजाइन, बुनाई, पावरलूम प्रशिक्षण में निशुल्क सर्टिफिक्रेट कोर्स उपलब्ध कराने के साथ-साथ प्रशिक्षण के उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार अथवा स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा। साथ ही जो प्रशिक्षणार्थी जो इस दौरान अच्छी कुशलता प्राप्त करेंगे उन्हे महाविद्यालय में स्थापित उत्पादन केंद्र में कार्य करने का भी अवसर मिलेगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय हथकरघा एवं हस्तशिल्प विकास परिषद की स्थापना 1983-84 में वस्त्र मंत्रालय, विकास आयुक्त हस्तशिल्प तहत की गई है और यह 30 राज्य और केंद्र सरकार के हथकरघा और हस्तशिल्प विकास निगमों के लिए शीर्ष निकाय में से एक है। इसका प्राथमिक लक्ष्य भारत में हस्तशिल्प और हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देना, जमीनी स्तर के संगठनों, गैर स स्वयं सहायता समूहों और हस्तशिल्प में लगे छोटे उद्यमियों की सहायता करना है।

## नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष से की सौजन्य मुलाकात





**गरियाबंद ( विश्व परिवार )।** जिले में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के बाद नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने गुरुवार को राजिम विधायक रोहित साहू और भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के नेतृत्व में विधानसभा का भ्रमण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और जिला प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल से सौजन्य मुलाकात की। विधायक रोहित साहू ने सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का परिचय कराया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय और जिला चुनाव प्रभारी सुरेंद्र पाटनी भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनप्रतिनिधियों को जीत की बधाई देते हुए कहा कि जनता ने भाजपा सरकार पर विश्वास जताया है। अब सभी को पूरी निष्ठा से काम करते हुए केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करना चाहिए, ताकि अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ पहुंचे। उन्होंने कहा कि गरियाबंद के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनहित की मांगों को प्राथमिकता से पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव समेत विभिन्न स्तर के जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## कैलिफोर्निया आमंड्स के साथ इस होली को बनाएं खास और सेहतमंद

**रायपुर।** होली रंगों का त्योहार है, जो खुशियाँ, एकता और हमारी संस्कृति की खूबसूरती लेकर आता है। यह त्योहार वसंत ऋतु के आने की खुशी में और बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में मनाया जाता है। इस दिन लोग मिलकर गाना गाते हैं, हँसते हैं और स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लेते हैं। होली पर गुझिया, मालपुआ जैसी मिठाइयाँ और ठंडाई, नमकीन जैसे व्यंजन बनाए जाते हैं। खाना इस त्योहार का एक अहम हिस्सा है। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि ज़्यादा तला-भुना या मीठा खाने से हमारी सेहत खराब हो सकती है। इसलिए, हमें खाने-पीने में संतुलन बनाए रखना चाहिए। इसके लिए हम होली के व्यंजनों में कैलिफोर्निया आमंड्स जैसे पौष्टिक ड्राईफ्रूट्स शामिल कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 164368/निविदा सूचना क्र. 25/वलेलि/2024-25, कवर्धा दिनांक 05.03.2025

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.03.2025 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम :- कबीरधाम जिले के विकासखण्ड बोड़ला की रेंगाखार जलाशय के शीर्ष कार्य का 01 नग हेड स्लूस का निर्माण बांध पार एवं वेस्ट वियर के अपस्ट्रीम एवं डाउन स्ट्रीम एप्रोच चैनल में मिट्टी का कार्य, मुख्य नहर आर.डी. 0 मी. से 2760 मी. एवं चीरबंगला माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 930 मी. तक रिमाडलिंग तथा सीमेंट कांक्रीट लाईनिंग, 02 नग डी.सी. 01 नग व्ही.आर.बी., 04 नग फाल, 01 नग माईनर हेड का निर्माण, पुराने पक्के संरचनाओं के मरम्मत सहित कोलाबा फिक्सिंग कार्य.

अनुमानित लागत :- रु. 236.18 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.03.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है.

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है.

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

G-242505793/2

## तोरण राजपूत के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढ़ी फिल्म हाय पईसा का मुहूर्त हुआ..




प्रसिद्ध कैमरामेन तोरण राजपूत जिसके फिल्मांकन की ख्याति बॉलीवुड के अलावा छत्तीसगढ़ी फिल्मों में डंका बजता है इन्हीं के निर्देशन आज स्थानीय गड़कलेवा रेस्टोरेंट में छत्तीसगढ़ी फिल्मी कलाकारों के बीच सादे समारोह में आज गुरुवार 6 मार्च को अष्ट विनायक एच. डी. वर्ल्ड एवं सिनेमा 36 प्रोडक्शन के बैनर तले आगामी बनने वाली निर्माणाधीन छत्तीसगढी फिल्म हाय पईसा का शुभारंभ, मुहूर्त क्लैप कार्यक्रम गढ़ कलेवा (संस्कृति विभाग परिसर) रायपुर मे किया गया है, मुहूर्त शुभ अवसर पर निर्माता, निर्देशन, कहानी,तोरण राजपूत पटकथा, संवाद, स्व. गिरवर दास मानिकपुरी का एवं गीत,मिनेश साहू का संगीत,हितेंद्र वर्मा, कैमरामैन सिद्धार्थ सिंह फिल्म की सहनिर्माता,ऐशवर्या बंजारे होगी। स्टार कास्ट मन कुरैशी, आकाश सोनी, आस्था शर्मा, हेम लाल कौशल, पप्पू चंद्राकर, पुष्पेंद्र सिंह, अजय सहाय, शिशिर तिवारी व अन्य कलाकारों के बीच सम्पन्न हुआ।

## ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय अपने घर ले आए अपनी एमजी विंडसर ईवी

**रायपुरः** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के स्ट्राइकर और ओलंपिक पदक विजेता ललित उपाध्याय को एमजी विंडसर की डिलीवरी देकर सम्मानित किया। यह आयोजन भारत के खिलाड़ियों और उनकी खेल उपलब्धियों को सम्मानित करने की कंपनी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इससे पहले, पिछले साल नवंबर में चंडीगढ़ में एक भव्य कार्यक्रम के दौरान, सभी ओलंपिक पदक विजेता एथलीटों को अभूतपूर्व एमजी विंडसर ईवी प्रदान की गई थी। विंडसर, जो लगातार पांच महीनों से भारत की सबसे अधिक बिकने वाली ईवी रही है, ने भारत में ईवी सेगमेंट की समग्र वृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राकेश सेन, डायरेक्टर, सीईएम, जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कहा, ललित और पूरी राष्ट्रीय हॉकी टीम ने ओलंपिक में हमारे देश को गौरवान्वित किया हैं। उनकी प्रेरणादायक यात्रा के सम्मान में, हम उन्हें एमजी विंडसर भेंट करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। उनकी असाधारण उपलब्धियां एमजी की नवाचार और उत्कृष्टता की भावना को दर्शाती हैं, जो दूसरों को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने और नई संभावनाओं को परिभाषित करने के लिए प्रेरित करती हैं। इस मौके पर ललित उपाध्याय ने कहा, ओलंपिक जैसे वैश्विक मंच पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करना एक गर्व की बात है, और एमजी जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड द्वारा हमारी जीत को सराहा जाना इस सफ़र को और भी अधिक पुरस्कृत करता है। मुझे विश्वास है कि विंडसर सीयूवी जिसे आज मुझे प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है, हमेशा हमारी टीम की उपलब्धि के सम्मान और खेल में उत्कृष्टता व गतिशीलता में नवाचार के गहरे संबंध का प्रतीक बनी रहेगी। इस खास पल को हमारे साथ मनाने के लिए एमजी का धन्यवाद। एमजी विंडसर को बुकिंग शुरू होने के महज 24 घंटे के भीतर 15,000 बुकिंग मिलीं और यह लॉन्च के बाद से ही भारत में सबसे अधिक बिकने वाला पैसेंजर इलेक्ट्रिक वाहन बन गया है।

## कैस्ट्रॉल इंडिया ने लॉन्च कियाअपना नया कैम्पेन #GarmiMeinBhi3xProtection, शाहरुख खान ने 3x प्रोटेक्शन को अगले स्तर पर पहुंचाया

**रायपुर।** देश के प्रमुख ल्युब्रिकेंट निर्माता, कैस्ट्रॉल इंडिया ने अपने टू-व्हीलर इंजन ऑयल ब्रैंड कैस्ट्रॉल एक्टिव के रीलॉन्च को सपोर्ट करने के लिए अपना दमदार मार्केटिंग कैम्पेन पेश किया है। इस प्रोडक्ट कोगाड़ी के इंजन को ओवरहीटिंग सेशानदार 3x प्रोटेक्शन देने के लिए बनाया गया है। इस प्रोडक्ट में किए गए अपग्रेड को ब्राण्ड एम्बेसडर शाहरुख खान के साथ अनेक चैनलों के माध्यम से दिखाने की कोशिश की गई है। टीवी विज्ञापन मेंशाहरुख खान एक पुलिस वाले की भूमिका में हैं और उन्हें राजस्थान के तपते रेगिस्तान में अपराधियों का पीछा करते हुए दिखाया गया है। जैसे ही अपराधियों का पीछा करने की गति तेज होती है, कैस्ट्रॉल एक्टिव इंजन ऑयल से चलने वाली शाहरुख खान की बाइक इतनी भयंकर गर्मी में भी चलती रहती है। जबकि अपराधियों की बाइक में साधारण इंजन ऑयल है, इसलिएज़्यादा गर्मी के कारण उनकी बाइक का इंजन गरम हो जाता है और वह रुक जाती है। कैस्ट्रॉल एक्टिव इंजन ऑयल भीषण गर्मी में भी इंजन को सुरक्षित रखता है। जिससे गाड़ी बिना रुके चलती रहती है। सुकेश नायक, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर ऑगिल्वी इंडिया,कहते हैं, कैस्ट्रॉल एक्टिव की कहानी आम होते हुए भी बेहद दमदार है- यह विपरीत परिस्थितियों में भी सुरक्षा देने की बात करती है। ऐसी कहानी पेश करने के लिए शाहरुख खान से बेहतर भला कौन हो सकता है परदे पर उनकी मौजूदगी, प्रोडक्ट के वादे को और भी मजबूतकरती है और एक प्रभावी कहानी बनती है। इस कैम्पेन के माध्यम से हमने प्रोडक्ट की जबर्दस्त ढंग से काम करने की क्षमता के साथ एक दमदार कहानी का मेल किया है ताकि लाखों बाइकर्स तक इसकी आवाज पहुंचे। इस कैम्पेन को 10 भाषाओं में लॉन्च किया गया है, ताकि यह विभिन्न ग्राहक वर्गों तक पहुंच सके। यह टीवी विज्ञापन रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल मैच के प्रसारण के दौरान दिखाया जाएगा।

टीवी और डिजिटल के अलावा कैस्ट्रॉल इंफ्लूएंसर्स के साथ साझेदारी, सोशल मीडिया की भागीदारी और अत्यधिक प्रभाव के लिए ज्यादा से ज्यादा आउटडोर प्लेसमेंट का लाभ उठा रहा है। इस कैटेगरी में मैकेनिक्स की राय सबसे अहम मानी जाती है और इस कैम्पेन को जीवंत करने के लिए कैस्ट्रॉल इंडिया देशभर के 40 शहरों में बादशाह मैकेनिक जलसा का आयोजन करेगा।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता . लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र "ए" में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम** :- कांकेर जिले के निम्नांकित ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत सिंगल विलेज से जल प्रदाय निर्माण कार्य का आमंत्रण सूचना।

| सिस्टम नंबर | ग्राम | ब्लाक | लागत |
|---|---|---|---|
| 165489 (915) | डन्डाईखेंडा | दुर्गूकोदल | 40.79 लाख |
| 165494 (916) | जवरतरा | चारामा | 70.74 लाख |
| 165496 (917) | कुम्हानखार | नरहरपुर | 82.47 लाख |

निविदा की समान्य शर्ते एवं विस्तृत विवरण तथा अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.inपरदर्शित है। उपरोक्त सम्पूर्ण निविदाओं की निविदा तिथि 04.03.2025 है। तथा उक्त निविदाओं को दिनांक 05.03.2025 से 20.03.2025 तक भरी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

G-242505783/2

# मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी में दीप प्रज्वलन समारोह का भव्य आयोजन




**कुम्हारी (विश्व परिवार)।** मदर टेरेसा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कुम्हारी में दीप प्रज्वलन समारोह का भव्य आयोजन पूज्य श्री रवि शंकर महाराज जी के आशीर्वाद से किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम की शोभा कार्यकारी निदेशक श्री एस. एस. बजाज जी ने बढ़ाई। इस कार्यक्रम का संचालन कैंपस डायरेक्टर डॉ. प्रीति गुर्नानी एवं नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वर्निश जी के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई की प्रोफेसर डॉ. सुशीला बायस उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. फिबिना चिलाटे (वाइस प्रिंसिपल) एवं अलीश सैमुअल (एसोसिएट प्रोफेसर) ने अत्यंत कुशलता एवं ऊर्जा के साथ किया, जिससे पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ गान 'अरपा पैरी के धार' से हुई, जिसके बाद दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना का आयोजन किया गया। यह आयोजन बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके पश्चात बीएससी नर्सिंग प्रथम सेमेस्टर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत शानदार स्वागत नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

डॉ. सुशीला बायस का स्वागत डॉ. वर्निश कुमार मैडम द्वारा पौधारोपण एवं मोमेंटो प्रदान कर किया गया। डॉ. सुशीला बायस ने अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा किए और नर्सिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद, डॉ. वर्निश कुमार का स्वागत डॉ. फिबिना चिलाटे द्वारा किया गया और डॉ. फिबिना चिलाटे मैडम का स्वागत डॉ. नीलम साहू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न सेमेस्टर के विद्यार्थियों - प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम एवं षष्ठम वर्ष के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

सम्माननीय प्राचार्या डॉ. वर्निश कुमार ने कॉलेज की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर विस्तृत प्रकाश डाला और छात्रों को प्रेरित किया। दीप प्रज्वलन समारोह नर्सिंग के पवित्र पेशे में छात्रों के प्रवेश का प्रतीक है। यह पल सभी बीएससी नर्सिंग छात्रों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण था, क्योंकि यह उनके जीवन में प्रकाश के महत्व को दर्शाता है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एमएससी नर्सिंग एवं पोस्ट बेसिक नर्सिंग के सभी बैचों के लिए दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन अलीश सैमुअल द्वारा दिए गए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# सकल जैन समाज देवेन्द्र नगर ने किया नवनिर्वाचित महापौर एवं पार्षदों का सम्मान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** सकल जैन समाज देवेन्द्र नगर रायपुर के द्वारा शहर की प्रथम नागरिक नव निर्वाचित महापौर श्रीमति मीनल जी चौबे एवं जैन समाज़ की गौरव नव निर्वाचित पार्षद श्रीमति कृतिका जी जैन एवं श्रीमति अंजलि जी जैन गोलछा के सम्मान समारोह का आयोजन आज किया गया। सम्मान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान में रायपुर पश्चिम के विधायक श्री राजेश जी मूणत का एवं हमारे रायपुर उत्तर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा जी ने कार्यक्रम में गरिमामई उपस्थिती दर्ज कराई। पूर्व प्रबन्धक ट्रस्टी सी ए विजय मालू जी ने बताया कि सभी नवनिर्विचित जन प्रतिनिधियों एवं राजेश मूणत जी व पुरंदर मिश्रा जी का सम्मान सकल जैन समाज देवेन्द्र नगर, परमतारक शीतलनाथ जिनालय एवं दादाबाड़ी ट्रस्ट, श्री ऋषभदेव जैन मंदिर ट्रस्ट, वर्धमान मित्र मंडल, मल्ली महिला मंडल, शीतल बहू मंडल एवं खरतरगच्छ युवक परिषद के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संजोयक एवं फाउंडर प्रबंधक ट्रस्टी सी ए प्रकाश मालू जी ने अपने स्वागत उदबोधन में सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शीतलनाथ जिनालय में बनने वाले भवन एवं अन्य सामाजिक प्रकल्पों की जानकारी दी। महापौर मीनल चौबे जी अपनी जीत के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया एवं रायपुर को और विकसित और सुरक्षित करने का अपना विज़न रखा। विधायक पुरंदर मिश्रा जी ने भी नरेंद्र मोदी जी के विज़न को आगे बढ़ाने की बात कही और अपने विधानसभा क्षेत्र में महापौर के साथ मिलकर विकास की गति को और तेज करने का भरोसा दिलाया। पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूनत जी ने कहा की सभी को ऐसे सेवा प्रकल्पों से जुड़ना चाहिए जिससे सर्व समाज का लाभ हो। और छत्तीसगढ़ का विकाश ऐसा हो की देश दुनिया में छत्तीसगढ़ का नाम जाना जावे। नवनिर्वाचित पार्षद कृतिका जैन जी एवं अंजली जैन गोलछा जी ने भी चुनाव की दौरान आयी चुनौतियों को सबके सामने रखा, अपने वार्ड के विकास और सुंदर बनाने का विश्वास दिलाया और समाज को सहयोग के लिए धन्यवाद अर्पित किया। आभार प्रदर्शन शीतल जिनालय ट्रस्ट के वर्तमान प्रबंधक ट्रस्टी चंचल जी पारख ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन सी ए विजय मालू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रकाश चंद जी श्रीश्रीमाल, उत्तमचंद जी गांधी, उम्मेदमल जी सुराना,प्रकाश चंद जी सुराना, विजय कांकरिया जी, अभय भंसाली जी, राजेंद्र जी गोलछा, मोहन चोपड़ा जी, अशोक जी गाग, मेघराज जी कांकरिया, सुभाष जी कोठारी, आलोक जी मालू, महेंद्र जी धाड़ीवाल, लोकेश चंद्रकांत जी जैन, जितेंद्र गोलछा जी, राजेन्द्र बैद जी, पंकज सुराना जी, तुषार चोपड़ा जी, आनंद जैन जी उपस्थित हुए।

# महिलाएं आगे बढ़ती हैं,तो संपूर्ण समाज आगे बढ़ता है : प्रियंका अग्रवाल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों को मान्यता देने तथा उनके अधिकारों और समानता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए समर्पित है। अग्रवाल महिला संगठन रायपुर जिला की अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि महिला दिवस की शुरुआत 1900 के प्रारंभिक दशक में हुई थी,जब विभिन्न देशों में महिलाएं अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगीं। यह दिन केवल महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने का नहीं है, बल्कि यह उन चुनौतियों और बाधाओं को भी उजागर करता है जिनका सामना महिलाएं आज भी करती हैं। इस दिन, विभिन्न कार्यक्रम, रैलियां और चर्चाएं आयोजित की जाती हैं, जिनमें महिलाओं के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

# यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री टिकट सेवा केंद्र बेमेतरा का शुभारंभ

## बेमेतरा में यात्रियों को मिलेगी आरक्षित टिकिट की सुविधा



**रायपुर (विश्व परिवार)।** यात्री टिकट सेवा केंद्र (वाईटीएसके) भारतीय रेलवे की यात्रियों बिना किसी परेशानी के रेलवे यात्रा के लिए आरक्षित टिकट उपलब्ध करने की महत्वपूर्ण योजना है। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा बेमेतरा वासियों की सुविधा के लिए वाई टी एस के की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका दिनांक 07 मार्च को सांसद विजय बघेल ने का शुभारंभ किया इस अवसर पर बेमेतरा विधायक दिपेश साहू एवं मंडल रेल प्रबंधक दयानंद, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी उपस्थित रहे।

रायपुर रेल मंडल के अंतर्गत यह 13 वां यात्री टिकट सेवा केंद्र है इसके पूर्व मंडल में 12 यात्री टिकट सेवा केंद्र उपलब्ध है रायपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर 07, दुर्ग शहर के विभिन्न स्थानों पर 02, भिलाई में 02, धमतरी में 01, यात्री टिकट सेवा केंद्र उपलब्ध है यह संबंधित संस्थानों को शहरो में टिकट बिक्री काउंटर स्थापित करने और आरक्षित और अनारक्षित रेलवे टिकट बेचने की अनुमति देता है।

# महिला दिवस संस्करण : महिलाओं के लिए कैंसर के तथ्य और उपचार में नई सफलताएँ



**महिलाओं** को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले कैंसर है स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, एंडोमेट्रियल, डिम्बग्रथि, कोलोरेक्टल और फेफड़े। इन कैंसरों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने से उन्हें जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी (जब वे छोटे होते हैं, फैलते नहीं है और उनका इलाज आसान होता है), इस तरह एक जीवन बचाया जा सकता है। महिलाओं के लिए कैसर के तथ्य और उपचार में नई सफलताएँ। महिला दिवस संस्करण। महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले कैसर है स्तन, गर्भाशय ग्रीवा. एडोमेट्रियल, डिम्बग्रथि, कोलोरेक्टल और फेफड़े। इन कैंसरों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने से उन्हें जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी (जब वे छोटे होते हैं, फैलते नहीं है और उनका इलाज आसान होता है), इस तरह एक जीवन बचाया जा सकता है। महिलाओं के लिए कैसर के तथ्य और उपचार में नई सफलताएँ। महिला दिवस संस्करण महिलाओं को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाले कैंसर है स्तन, गर्भाशय ग्रीवा, एंडोमेट्रियल, डिम्बग्रंथि, कोलोरेक्टल और फेफड़े। इन कैंसरों के बारे में जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनाने से उन्हें जल्दी पता लगाने में मदद मिलेगी (जब वे छोटे होते है, फैलते नहीं है और उनका इलाज आसान होता है), इस तरह एक जीवन बचाया जा सकता है।

**महिलाओं में कैंसर के लक्षण :** स्तन या निप्पल में बदलाव स्तन, बगल या कॉलस्बोन में गाठ स्तन में सूजन (गांठ के साथ या बिना) निप्पल से साव, या तो खूनी या साफ निप्पल का अंदर की ओर मुड़ना त्वचा जो संतरे के छिलके जैसी दिखती है (डिपलिंग) निप्पल या स्तन की त्वचा लाल, खुजलीदार या मोटी आंत्र परिवर्तन आत्र परिवर्तन कोलोरेक्टल कैंसर का संकेत हो सकता है। यह आपके मलाशय और बृहदान्त्र को प्रभावित करता है। यह बवासीर, चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम (आईबीएस), या सूजन आत्र रोग (आईबीडी) जैसा दिख सकता है। महिलाएं कुछ कोलोरेक्टल कैसर के लक्षणों को प्रीमेंस्ट्रुअल सिंड्रोम (पीएमएस) या अपने पीरियड्स के साथ भ्रमित कर सकती है। अगर आपकी आत्र की आदतें कुछ दिनों से ज्यादा समय तक बदलती रहती हैं या आपको अन्य लक्षण दिखाई देते है. तो अपने डॉक्टर से सलाह ले दस्त, कब्ज, पतला, गहरा या खूनी मल

पेट में दर्द या ऐंठन, कमजोरी और थकान, बिना किसी कारण के वजन कम होना, पेट, श्रोणि या पीठ दर्द, आपके धड़ में दर्द एडोमेट्रियोसिस जैसी स्थितियों में आम है। यह आपके मासिक धर्म बक से ऐंठन भी हो सकता है। लेकिन आपके पेट, श्रोणि या पीठ में लंबे समय तक दर्द या दबाव कई तरह के कैंसर का सकेत हो सकता है। इसमें कोलोरेक्टल, डिम्बग्रंथि और एंडोमेट्रियल कैंसर शामिल है। अगर आपकी रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर है या कहीं और से कैंसर फैला है तो आपको पीठ के निचले हिस्से में दर्द हो सकता है। यह दुर्लभ है, लेकिन पेट के ऊपरी हिस्से में दर्द जो आपकी पीठ तक फैलता है और बिना किसी कारण के वजन घटने के साथ आता है, अग्नाशय के कैसर का संकेत हो सकता है।

**सूजन :** भारी भोजन के बाद या मासिक धर्म से पहले पेट फूलना सामान्य है। लेकिन कुछ हफ्तों तक हर दिन पेट फूलना डिम्बग्रथि के कैंसर का सकेत हो सकता है।

**मूत्र संबंधी परिवर्तन :** मूत्र पथ के संक्रमण आपके मूत्राशय की आदतों में बदलाव का एक सामान्य कारण है। अगर आपके पेशाब में खून आता है तो डॉक्टर से सलाह लें, यह मूत्राशय या किडनी कैंसर का लक्षण भी हो सकता है। अन्य लक्षण जो मूत्र पथ के संक्रमण या कैंसर का संकेत हो सकते हैं.

**रात में पसीना आना या बुखार :** अगर आप रजोनिवृत्ति से गुजर रही है. तो आप कभी-कभी गीली चादर के साथ जाग सकती है। लेकिन रात में अक्सर होने वाला तेज पसीना ल्यूकेमिया या लिम्फोमा का संकेत भी हो सकता है। ये ब्लड कैंसर आपको बुखार भी दे सकते हैं।

**खांसी :** लंबे समय तक रहने वाली खासी कभी-कभी फेफड़ों के कैंसर का सकेत होती है। अगर आप हर समय कर्कश आवाज करती हैं. तो यह आपके वॉयस बॉक्स (स्वरयंत्र) या थायरॉयड ग्रंथि में कैसर हो सकता है। इन लक्षणों के बारे में अपने डॉक्टर को बताए। अगर आपको सीने में दर्द या खासी में खून आता है. तो डॉक्टर से सलाह लें।

**त्वचा में बदलाव :-** त्वचा कैंसर एक तिल की तरह दिख सकता है जो बड़ा हो जाता है। यह एक घाव के रूप में भी दिखाई दे सकता है जो ठीक नहीं होता है, या एक पपड़ीदार लाल धब्बे के रूप में भी।

**सीने में जलन या निगलने में परेशानी :** मुंह, ग्रासनली, पेट या गले (ग्रसनी) में कैंसर के कारण आपको खाने या पीने पर उबकाई या घुटन हो सकती है। आपको अपच हो सकती है या ऐसा महसूस हो सकता है कि आपके गले में कुछ फस गया है। अगर आपको ये लक्षण है तो अपने डॉक्टर से बात करें।

**PI3 किनेज अवरोधक :** कुछ ब्रेस्ट कैंसर में PIK3CA जीन में उत्परिवर्तन होता है। PI3 किनेज अवरोधक एल्पेलिसिब को कुछ मेटास्टेटिक ब्रेस्ट कैसर के उपचार के लिए अनुमोदित्त किया गया है जिसमें PIK3CA ट्यूमर जीन उत्परिवर्तन होता है। इम्यूनोथेरेपी

**PARP अवरोधक :** पॉली (ADP - राइबोस) पॉलीमरेज (PARP ) एक एंजाइम है जो DNA की मरम्मत में शामिल है। PARP अवरोधक ओलापारिब को BRCA1 या BRCA 2 (BRCA1/2) वशानुगत जीन उत्परिवर्तन के उपचार के लिए FDA द्वारा अनुमोदित किया गया है।

वरिष्ठ मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रवि जायसवाल कहते हैं कि वे दिन चले गए जब उन्नत कैंसर का इलाज सर्जरी कीमोथेरेपी और विकिरण से ही किया जाता था। सटीक ऑन्कोलॉजी (कैसर को हराने का सबसे अच्छा नया हथियार) है। इसमें व्यक्तिगत रोगियों में कैसर ट्यूमर की आनुवंशिक संरचना और आणविक विशेषताओं का अध्ययन करना और सटीक रूप से लक्ष्य बनाना शामिल है।

# महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ के आगामी सत्र के लिए चुनाव सम्पन्न, संजय जादवानी फिर बने अध्यक्ष



**रायपुर (विश्व परिवार)।** जवाहर नगर स्थित श्री अग्रसेन भवन में महात्मा गांधी मार्ग व्यापारी विकास संघ की आमसभा का आयोजन राष्ट्रगान के साथ शुरू हुआ तत्पश्चात कोषाध्यक्ष अशोक छाबड़ा ने आय व्यय का विस्तृत विवरण दिया, जिसे सदन ने करतल ध्वनि से अनुमोदित किया। तत्पश्चात अध्यक्ष श्री संजय जादवानी ने अपने कार्यकाल में किए गए विशिष्ट कार्यों का विवरण देते हुए कहा की संस्था को व्यवस्थित ढांचा देने, सीमाओं का निर्धारण करने एवं व्यापारियों के डाटा को व्यवस्थित करने, सदस्यता शुल्क के संग्रहण को व्यवस्थित करने, महात्मा गांधी मार्ग पर यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन एवं पुलिस प्रशासन की गश्त के फेरे बढ़ाने हेतु ज्ञापन देने, और मातृ संस्था छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के माध्यम से विभिन्न व्यापारी सहयोग की गतिविधियों को किया गया अवैध पार्किंग को हटाने एवं साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, लाइटिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए शासन और प्रशासन के साथ संवाद बनाते रहने के कारण महात्मा गांधी मार्ग पर व्यापार- यातायात अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि कुछ कार्य जो उनकी योजनाओं में थे वह धरातल पर नहीं आ सके, आगे आने वाले कार्यकारिणी को हम उन योजनाओं को पर कार्य करने हेतु निवेदन करेंगे।

दीपावली मिलन, होली मिलन जैसे कार्यक्रमों का सतत आयोजन एवं गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम की भव्यता को बढ़ाने एवं उसमें सभी व्यापारियों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के विभिन्न प्रयास किए गये। अंत में उन्होंने अपने सभी व्यापारी साथियों का धन्यवाद दिया कि उनकी बातों को सब ने सम्मान दिया, उन्होंने अपने कार्यकारिणी को सहयोग हेतु हृदय से साधुवाद दिया महामंत्री श्री जैन विकास सिपानी ने 3 साल के इस कार्यकाल में आयोजित हुई विभिन्न कार्यकारिणी बैठकों, आम सभाओं के संदर्भ में जानकारी दी एवं सूचना प्रसारण हेतु व्हाट्सएप ग्रुप के निर्माण के साथ-साथ संचालन करने के अपने प्रयासों को विस्तार से बताया। चेंबर द्वारा आयोजन क्रिकेट प्रतियोगिता में सहभागिता एवं अन्य विभिन्न आयोजनों से सांस्कृतिक चेतना को जगाए रखने के प्रयासों के बारे में बताया। तत्पश्चात अध्यक्ष जी ने अपनी कार्यकारिणी के भंग होने की घोषणा की एवं चुनाव अधिकारी द्वय श्री विक्रम सिंह देव एवं श्री घनश्याम पोद्दार को सभा के संचालन एवं चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने हेतु आमंत्रित किया।

चुनाव अधिकारी द्वारा ने बताया कि उन्हें निर्धारित समय तक कोई भी आवेदन अध्यक्ष पद हेतु नहीं मिला है अत: उपस्थित व्यापारी सदस्यों से ही उन्होंने सदस्य अध्यक्ष पद हेतु नाम आमंत्रित किया श्री जैन विकास सिपानी ने पूर्व अध्यक्ष श्री संजय जादवानी का नाम पुन: प्रस्तावित किया, जिसका उपस्थित सदन ने करतल ध्वनि के साथ अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वय ने सदन का आभार व्यक्त किया कि उन्होंने नया अध्यक्ष चुनने के लिए जो इंगित दिया, आदेश दिया, उससे उनका काम सरल हो गया और उन्होंने सर्वसम्मति से श्री संजय जादवानी को आगामी सत्र 2025- 28 के लिए अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया। इस अवसर पर इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 25 के नवनिर्वाचित पार्षद श्री अवतार बागल भी उपस्थित थे, संघ के सदस्यों ने उनको माला पहना कर स्वागत किया।

# विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में उठाए महत्वपूर्ण मुद्दे



**पंडरिया (विश्व परिवार)।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में हो रहे विकास कार्यों और स्वास्थ्य योजनाओं के संचालन के संबंध में आज विधानसभा में प्रश्न पूछा इसके साथ ही उन्होंने दुर्ग संभाग अंतर्गत नागरिकों से हुई धोखाधड़ी और उस पर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई एवं नागरिकों से हुई धोखाधड़ी में रिकवरी पैसों के संबंध में प्रश्न किया।

भावना बोहरा ने प्रश्न पूछा कि दुर्ग रेंज में नागरिकों के साथ धोखाधड़ी करने के मामले में दिनांक 1 जनवरी, 2024 से दिनांक 1 फरवरी, 2025 तक किन-किन चिटफंड कंपनियों या संस्थाओं के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई है? शिकायत पश्चात उनके विरुद्ध क्या-क्या कार्रवाई करते हुए कितने आरोपी गिरफ्तार किये गए? कितने व्यक्तियों की कितनी राशि की रिकवरी की गई? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा जी ने बताया कि उक्त अवधि में दुर्ग संभाग में धोखाधड़ी के कुल 7 प्रकरण सामने आए हैं जिसमें से 2 पर अपराध पंजीबद्ध किये गए हैं वहीं बाकि 5 प्रकरण पूर्व में अपराध पंजीबद्ध है जो विवेचना में हैं। इन प्रकरणों में कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और कोई भी राशि की रिकवरी नहीं की गई है। भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा में नागरिकों के सुगम आवागमन के लिएविधानसभा अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी मांगते हुए प्रश्न पूछा कि पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना के अंतर्गत पांच वर्ष पूर्ण किये जा चुके सड़कें कितनी हैं?

# बिजलीकर्मियों की हड़ताल श्रम न्यायालय ने किया अवैध घोषित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** माननीय श्रम न्यायालय रायपुर ने बिजलीकर्मियों के संगठन छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी-कर्मचारी संघ के 10 मार्च के प्रस्तावित एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन को अवैध घोषित कर दिया है। न्यायालय ने आज 7 मार्च की शाम को जारी आदेश में संघ व्दारा प्रस्तावित 10 मार्च को एकदिवसीय सामूहिक अवकाश तथा 17 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन निषेधित किया है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) श्री एएम परियल ने बताया कि माननीय श्रम न्यायालय क्रं 01 रायपुर, श्रीमती विभा पांडेय के कोर्ट में संघ के 10 मार्च के एक दिवसीय सामूहिक अवकाश व विरोध प्रदर्शन तथा 17 मार्च से क्षेत्रीय व मुख्यालय स्तर पर अनिश्चितकालीन सामूहिक धरना प्रदर्शन पर स्थगन देने की अपील की गई थी। पॉवर कंपनी ने छत्तीसगढ़ औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 (4) के अंतर्गत वाद प्रस्तुत किया, जिसमें बताया गया कि प्रस्तावित हड़ताल से विद्युत आपूर्ति बाधित होगी तथा सामान्य जनजीवन प्रभावित होगा और जनसामान्य को समस्याओं से जूझना पड़ेगा। इससे अपूरणीय क्षति होने की आशंका है। श्रम न्यायालय ने मामले की त्वरित सुनवाई करते हुए हड़ताल को अवैध घोषित किया है। पॉवर कंपनी के मानव संसाधन विभाग ने परिपत्र जारी करके विद्युत आपूर्ति जैसी लोकोपयोगी व अत्यावश्यक सेवा में कार्य की निरंतरता को बनाये रखने की अपील की है। परिपत्र में कहा गया है कि यदि कर्मचारी प्रदर्शन या हड़ताल में शामिल होता है तो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के अनुसार यह कदाचरण की श्रेणी में आएगा और उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18902/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18902
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR663IGTHL5 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती G.T. HOMES DWARA G S RAJPAL AND GURJIT SINGH RAJPAL पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती INDU LAKHWANI पिता/पति, श्री/श्रीमती NARENDRA LAKHWANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18904/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18904
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR567G00622 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती KU. SAHISTA ANJUM पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. SYED ASGAR ALI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती KULDEEPAK SAHU पिता/पति, श्री/श्रीमती RATIRAM SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18905/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18905
वार्ड का नाम-43-महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 43 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR561F0220A जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती CHHEDI LAL पिता/पति, श्री/श्रीमती LAXMAN PRASAD TIWARI के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MAHADEV TIWARI पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE. LAXMAN PRASAD TIWARI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18901/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18901
वार्ड का नाम-67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 67 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR567F00104 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती ANUSUIYA DESHMUKH पिता/पति, श्री/श्रीमती NETRAM DESHMUKH के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती MAMTA BISEN पिता/पति, श्री/श्रीमती DHANENDRA BISEN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-5)
ईदगाहभाठा,नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

पत्र क्रं./18903/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2025
रायपुर दिनांक : 07-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18903
वार्ड का नाम-68-खूबचंद बघेल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 68 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- RPR567C00378 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती C. R. YADU पिता/पति, श्री/श्रीमती LT. SHIV RATAN YADU के नाम से दर्ज है, जिसको 1. RUKHMANI BAI KAROSIYA W/O LAXMINARAYAN KAROSIYA 2. KU. NANDINI KAROSIYA S/O LAXMINARAYAN KAROSIYA पिता/पति, श्री/श्रीमती .... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. - 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)


8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय
महिला
दिवस
जम्मो बेटी-बहिनी-महतारी
मन ल बधाई
❖ महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह ₹1000 की सम्मान राशि
❖ अब तक ₹7,832 करोड़ का हस्तांतरण
सशक्त अउ स्वावलंबी नारी
हमर छत्तीसगढ़ के चिन्हारी
SAMVAD- 43135/ 99
हमसे जुड़ने के लिए
QR स्कैन करें
सुशासन से
समृद्धि की ओर
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क
/ChhattisgarhCMO
/DPRChhattisgarh
www.dprcg.gov.in
श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री